सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 175



12 चुनौतियां के बीच सियासी पिच पर सधी बल्लेबाजी कर रहे हेमंत



सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.01.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 175

12 विश्व कप में विराट कोहली की भूमिका अहम होगी : श्रीकांत

## न्यूज डायरी

### 14 मार्च से होगी मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं

**रांची।** जैक ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। दोनों परीक्षाएं 14 मार्च से होंगी। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों के माध्यम से ली जायेगी। इस दौरान प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए अलग से 15 मिनट का समय दिया जायेगा। जैक की ओर से जारी शेड्यूल में कहा गया है कि 14 मार्च को पहली पाली में मैट्रिक की आईआईटी एवं अन्य वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। वही, दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से इंटर तीनों संकाय की वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। मैट्रिक की परीक्षा 3 अप्रैल को संस्कृत की परीक्षा के साथ समाप्त होगी। वही, इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल को कला संकाय की फिलॉसफी की परीक्षा के साथ खत्म होगी।

### सीआरपीएफ जवान ने की खुदकुशी

**चक्रधरपुर।** सीआरपीएफ 60 बटालियन के जवान अमित सिंह ने कैंप में अंधाधुंध फायरिंग करने के बाद खुद को इंसास राइफल से गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना घोर नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आराहासा कैंप में गुरुवार रात हुई। पुलिस ने शुक्रवार को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को सीआरपीएफ को सौंप दिया। सीआरपीएफ के चक्रधरपुर असंतलिया स्थित 60 बटालियन मुख्यालय में जवान मृतक अमित सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। अमित जम्मू कश्मीर के जिला अंतर्गत बिसना के देवली थाना क्षेत्र का निवासी था। उसके शव को पैतृक गांव भेज दिया गया है। शव चक्रधरपुर से रांची सड़क मार्ग से ले जाया गया, जहां से हेलीकॉप्टर से ले जाया जायेगा। अमित सिंह चार-पांच दिन पहले ही हवलदार के लिए ट्रेनिंग कर लौटा था।

### धनबाद में व्यवसायी के ठिकानों पर आयकर रेड

**धनबाद।** जिले के बड़े व्यापारियों में से एक शम्भूनाथ अग्रवाल के 14 ठिकानों पर आयकर विभाग ने एक साथ दबिश दी है। पटना और कोलकाता से आई आयकर विभाग की टीम ने धनबाद आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर शुक्रवार अपराह्न 12.30 बजे छापेमारी शुरू की।

### रांची लाया गया सुषमा गोली चलानेवाला

**रांची।** बिहार पुलिस की सहायता से आरा से गिरफ्तार हम पार्टी के प्रवक्ता दानिश रिजवान को रांची ले आया गया है। गुरुवार को आरा से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस दानिश रिजवान को रांची लेकर पहुंच चुकी है। रांची लाने के बाद उसे रांची स्थित सिविल कोर्ट में पेश किया गया। दानिश रिजवान ही रांची के अरगोड़ा की रहने वाली महिला सुषमा बड़ाइक के ऊपर हुई गोलीबारी का मास्टरमाइंड है। उसके साथ गिरफ्तार शूटरों में फरहान और सोनू शामिल है। फरहान दानिश रिजवान का सगा साला है। मामले में अभी भी चार अपराधी फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साला के साथ मिल कर ही दानिश ने सुषमा बड़ाइक की हत्या का साजिश रची थी। फरहान ने ही सुषमा को गोली मारी थी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 48,900 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | : | 52,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

**सेंसेक्स निफ्टी**

| | | |
|---|---|---|
| बीएसई : | 59,900 | -452 |
| एनएसई : | 17,859 | -132 |

# दो दिनी झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे अमित शाह

## आज चाईबासा में करेंगे लोकसभा चुनाव का आगाज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात 9.28 बजे रांची पहुंचे। विशेष विमान से पहुंचे श्री शाह का रांची एयरपोर्ट पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास समेत कई वरिष्ट नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका जारदार स्वागत किया। गृहमंत्री एयरपोर्ट से निकलकर होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। होटल के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गयी है। शुक्रवार रात कुछ चुनिंदा लोगों से मिलेंगे। भाजपा नेताओं का एक दल अमित शाह से मिलने भी पहुंचेगा। शनिवार सुबह दस बजे चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे। चाईबासा में श्री शाह चुनाव की तैयारी में लगे पार्टी के नेताओं को और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही श्री शाह ,2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज करेंगे।

**ये है कार्यक्रम**

अमित शाह का रांची पहुंचने का समय शाम 6 बजे निर्धारित था, लेकिन कुछ कारणों से उनका प्लेन रात 9.28 बजे एयरपोर्ट पहुंचा। शाह की सुरक्षा में तीन आईपीएस, 6 डीएसपी और दारोगा के अलावा करीब 2 हजार पुलिस के जवान तैनात हैं। शनिवार को वे बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से चाईबासा रवाना होंगे। 10.45 में चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 11.30 बजे तक चाईबासा लोकसभा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। 11.30 से 12.15 बजे तक वे टाटा कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। 12.20 में शाह चाईबासा से रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। 12.55 में एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फिर दोपहर 1 बजे वहीं से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जायेंगे। इस दौरे में अमित शाह की मुलाकात पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा एवं रघुवर दास से होना तय है। भाजपा के सभी विधायक और सांसद भी उनसे मिलेंगे। उनकी सुरक्षा को लेकर एसपीजी की टीम दिल्ली से रांची पहले ही पहुंच चुकी है।

## पारण परेड में बोले सीएम, सभी ट्रेनिंग सेंटर का होगा पुनरुद्धार

# पुलिस महकमे की अलग स्वास्थ्य सेवा बनाने की तैयारी

- ▶▶ 574 जवानों का बेसिक प्रशिक्षण पूरा
- ▶▶ पुलिस में महिलाओं की बढ़ती भागेदारी गर्व की बात
- ▶▶ आपका प्रशिक्षण, चुनौतियों से निपटने में कारगर होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बोकारो/ रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जवानों को बेहतर प्रशिक्षण मिले इसके लिए अगले दो साल के अंदर सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों, जैप मुख्यालयों और पुलिस लाइन केंद्रों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। पुलिस विभाग की अपनी स्वास्थ्य सेवा हो, इस दिशा में भी सरकार विचार कर रही है, ताकि वे और भी बेहतर तरीके से अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो के जैप 4 ग्राउंड में आयोजित पारण परेड में जवानों को संबोधित कर रहे थे। झारखंड पुलिस के विभिन्न ट्रेनिंग संस्थानों से 1892 जवान प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य की सेवा के लिए अपना योगदान देने जा रहें है। इन जवानों में कुल 630 महिला आरक्षी अपने सहकर्मी पुरुष आरक्षियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देने जा रहीं है, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी महिला सशक्तिकरण की मिसाल है।



**प्रशिक्षण आपके जीवन का अहम हिस्सा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त लिया, वह तो एक शुरुआत है। आप जब अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तो आपको कई अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने में आपका प्रशिक्षण, बुद्धि और विवेक काम आएगा। प्रशिक्षण अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, ताकि आप अपने आप को और बेहतर और कुशल बनाते हैं। पारण परेड में एसआइआरबी-1 दुमका, एसआइआरबी-2 खूंटी, आइआरबी-8 गोड्डा के प्रशिक्षु जवान शामिल थे। सीएम ने इस मौके पर बेस्ट कैडटों को सम्मानित किया।

**सभी केंद्रों का जीर्णोद्धार करेगी सरकार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और संस्थानों में जाने का मौका मिलता है। इस दौरान वहां की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के दौरान कई समस्याओ की बात सामने आती है। समस्याओं का असर प्रशिक्षण देने और लेने वालों दोनों पर होता है। सीएम ने भरोसा दिलाया कि अगले 2 वर्षों के अंदर सभी प्रशिक्षण केंद्रों, जैप मुख्यालयों और पुलिस लाइन केंद्रों का जीर्णोद्धार कर दिया जायेगा।

**574 जवानों ने पूरा किया गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण:** सत्र 2020-22 के 574 जवानों ने बोकारो जैप-4 के प्रशिक्षण संस्थान में कुल 215 दिन का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसमें एसआईआरबी-1 दुमका के कुल 13 जवान जिसमें 4 पुरुष एवं 9 महिला, एसआईआरबी- 2 खूंटी के कुल 5 पुरुष जवान, आईआरबी-8 गोड्डा के कुल 556 जवान जिसमें 377 पुरुष एवं 179 महिला जवानों ने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# झारखंड में कंपकपी व कुहासा से अभी राहत नहीं

## शुक्रवार सबसे ठंडा दिन रहा, 2 से 3 डिग्री और गिरेगा पारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उत्तर भारत में बर्फबारी और शीतलहर का असर झारखंड में भी दिख रहा है। कुहासा और कंपकपाती ठंड से अभी राहत की संभावना नहीं है। राजधानी रांची शुक्रवार की सुबह इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। शुक्रवार की सुबह इस सीजन में पहली बार रांची का तापमान 6.8 डिग्री सेंटीग्रेट दर्ज किया गया। वहीं खूंटी का पारा 6 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह इस मौसम का न्यूनतम है। अगले दो-दिन में धीरे-धीरे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक ने बताया कि रांची में सुबह कोहरा छाया रहा। आने वाले दो-तीन दिनों में रात के तापमान में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। कोहरे से भी लोगों को अभी निजात नहीं मिलेगी।

**खूंटी का 6 और रांची 6.8 डिग्री रहा**



**12 तक छाया रहेगा कोहरा**

राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जो सामान्य से 2.9 डिग्री कम है। यहां का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। रांची का उच्चतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची में 12 जनवरी तक सुबह में कोहरा छाये रहने का अनुमान मौसम विभाग ने जाहिर किया है। 7 जनवरी को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रह सकता है। इस तरह 8, 9 और 10 जनवरी को अधिकतम तापमान 23 डिग्री रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान क्रमशः 8, 9 और 10 डिग्री रहने की संभावना है।

**चाईबासा और जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री**

पछले 24 घंटे के मौसम की बात करें, तो पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय क्रमशः जमशेदपुर और चाईबासा में अधिकतम तापमान सबसे अधिक रहा। इन दोनों जगहों का उच्चतम तापमान 23.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि खूंटी का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया।

# राज्य के 33 हजार वकील न्यायिक कार्यों से रहे दूर

## आज भी कार्य बहिष्कार, 8 को आगे की रणनीति पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कोर्ट फीस में भारी वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को राज्यभर के करीब 33 हजार से भी अधिक अधिवक्त न्यायिक कार्य से दूर रहे। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने बताया कि राज्यभर के अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य बबिष्कार किया। उन्होंने दावा किया कि शनिवार को भी अधिवक्ता अपनी मांगों के समर्थन में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। उनकी मांग है कि सरकार कोर्ट फीस संशोधन विधायक को वापस ले। आठ जनवरी को राज्य के सभी जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ काउंसिल की बैठक होगी। उस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुछ अधिवक्ताओं के कोर्ट जाने और पैरवी करने की सूचनाएं मिल रही हैं। यदि ऐसा हुआ है तो काउंसिल निश्चित रूप से वैसे अधिवक्ताओं के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करेगी।

काउंसिल के अध्यक्ष श्री कृष्ण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कोर्ट फीस में भारी बढ़ोत्तरी का अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं। सरकार कोर्ट फीस संशोधन विधायक को वापस ले। अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया जाये तथा राज्य में अविलंब एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। (शेष पेज 11 पर)

# रांची के एक्सिस बैंक में घुस कर मैनेजर को मारा चाकू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के कांटा टोली चौक स्थित एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकुर को एक ग्राहक ने शुक्रवार को चाकू मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना बैंक के अंदर की है। गंभीर अवस्था में बैंक मैनेजर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस हमलावर की गिरफ्तारी को ले कर छापामारी कर रही है। लोअर बाजार थाना पुलिस ने बताया कि बैंक में हुए विवाद के बाद चाकूबाजी की घटना हुई है, आरोपी की तलाश की जा रही है वह जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस उस पर दबाव बनाने के लिए उसकी बाइक को जब्त कर लिया है।



जानकारी के अनुसार कांटा टोली इलाके के ही रहने वाले फिरोज उर्फ छोटू नाम के युवक का एक्सिस बैंक में खाता है। मिनिमम बैलेंस को लेकर फिरोज और बैंक कर्मचारियों के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था।

(शेष पेज 11 पर)

# विकसित भारत की दिशा में झारखंड का अहम रोल

## नयी दिल्ली में मुख्य सचिवों के सम्मेलन में बोले सीएस सुखदेव सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली/ रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में झारखंड अहम रोल निभा रहा है। केंद्र के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकसित भारत बनाने में झारखंड लगातार सक्रिय है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शुक्रवार को दिल्ली में मुख्य सचिवों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में तेजी से आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। इसके तहत राज्य सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण




परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें से कुछ परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। झारखंड में निवेश के लिए कई एमओयू निजी सेक्टर के साथ हुए। झारखंड एग्रो बिजनेस मीट का भी आयोजन जल्द होने जा रहा है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में राज्य बेहतर समन्वय के साथ काम कर रहा है।

सुखदेव सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में एक है। बालिका और महिला कल्याण की दिशा को लेकर कई योजनाएं झारखंड में चलायी जा रही हैं। बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सावित्री फुले के नाम से बालिका शिक्षा और उनके उत्थान के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार मानव संसाधन के विकास के लिए कौशल विकास को एक अहम कड़ी मानती है। कौशल विकास के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं संचालित हैं। इसका लाभ जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की लोकल फॉर वोकल की इस नीति को राज्य सरकार ने हाथों-हाथ लिया है। स्थानीय उत्पादों को प्रसंस्कृत कर उन्हें बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। इसमें स्थानीय भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। मोटे अनाजों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोटे अनाजों के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

## सिंहभूम पर कब्जे को ले भाजपा ने चाईबासा में बिछायी बिसात

# सभी संसदीय सीटों को साधने का टिप्स देंगे शाह

▶▶ प्रदेश प्रभारी कर रहे हैं पलामू में पनपी गुटबाजी को शांत करने का प्रयास

सुधीर

**रांची।** झारखंड की सिंहभूम सीट को कांग्रेस के कब्जे के छीनने के लिए भाजपा ने चाईंबासा में बिसात बिछा दी है। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आकर यहां राज्य के भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं में नयी जोश और नयी ऊर्जा का संचार करेंगे। वहीं, दूसरी ओर पलामू प्रमंडल की दो लोकसभा सीटों पलामू और चतरा में गुटबाजी और असंतोष को खत्म करने के लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी शनिवार से पलामू प्रमंडल के दौरा पर हैं। वह इन दोनों सीटों को एक बार फिर से भाजपा के खाते में डालने के लिए चार दिनों के सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे और मंथन करेंगे। बताया जा रहा है कि भाजपा झारखंड में एक साथ दो प्लान पर काम कर रही है। एक सिंहभूम और राजमहल की हारी हुई सीट और दूसरा सभी पांच प्रमंडलों की कमजोर पड़ रही सीटें शामिल हैं।



**झारखंड की 2 सीटों पर भाजपा को लगा था झटका**

2019 की लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू ने मिल कर 12 सीटें जीती थीं। काफी मशक्कत के बाद भी राजमहल सीट झामुमो और चाईंबासा सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी थी। राजमहल झामुमो की सीटिंग सीट थी, परंतु चाईबासा भाजपा की सीटिंग सीट थी और कांग्रेस ने इसे झटक लिया था। इस सीट को खोने के बाद भाजपा ने इसे दोबारा वापस पाने के लिए रणनीति के तहत काम शुरू कर दिया है। इसी के तहत अमित शाह की सभा सबसे पहले चाईबासा में हो रही है। उसके बाद भाजपा की संथाल परगना के राजमहल में भी एक बड़ी सभा करने की योजना है। उसके बाद भाजपा की संथाल परगना के राजमहल में भी एक बड़ी सभा करने की योजना है। (शेष पेज 11 पर)

# सूखे का आकलन करने 9 को आयेगी केंद्रीय टीम

## तीन दिन निरीक्षण कर सौंपेगी अपनी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बीते साल 2022 के मॉनसून में अल्पवृष्टि के बाद सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इसका आकलन करने केंद्रीय टीम 9 जनवरी को झारखंड आयेगी। टीम का नेतृत्व केंद्रीय मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ विजय लक्ष्मी करेंगी। कृषि विभाग के सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी ने बताया कि यह टीम 12 जनवरी तक झारखंड में रहेगी। विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर सूखा का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। विभिन्न प्रखंडों का भौतिक निरीक्षण करेगी। केंद्रीय टीम में नीति आयोग के सदस्य भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है और केंद्रीय टीम को राजकीय अतिथि घोषित कर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

मानसून में कम बारिश के चलते झारखंड सरकार ने 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा घोषित किया था। इनमें पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा शामिल नहीं था। (शेष पेज 11 पर)

# सिमडेगा में 22 फरवरी को मूलवासी सदानों के 51 गांवों की होगी महापंचायत

## सदानों की आस्था व पहचान के प्रतीक सदान ध्वज का लोकार्पण रांची में 22 को



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को ओल्ड एचबी रोड स्थित ग्रैंड ऑकेजन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में मूलवासी सदानों से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर तथा राज्य के मौजूदा राजनीतिक माहौल पर विस्तृत चर्चा की गयी। कई अहम बिंदुओं पर चर्चा के क्रम में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में यह घोषणा की कि 22 फरवरी को सिमडेगा जिला के टैसेरा पंचायत के बनाबीरा में मूलवासी सदानों के 51 गांवों का महापंचायत होगा। इस महापंचायत में सदान अपने अधिकारों को लेकर हजारों की संख्या में जुटेंगे। इस महापंचायत के नाम पर इस महाजुटान में गुमला के लोग भी शमिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस महापंचायत में सदानों को लाया नहीं जा रहा है, बल्कि वे स्वतः इसके लिए एकजुट हो रहे हैं।

प्रसाद ने बताया कि जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसने वाले मूलवासी सदान पैदल चलकर महापंचायत में हजारों की संख्या में शामिल होंगे। प्रसाद ने कहा कि आज के इस निर्णय के बाद अब पूरे राज्य में सम्मेलन, रैली, महापंचायत जैसे कार्यक्रम आयोजित कर सदानों के अधिकार के लिए संघर्ष का सिलसिला चलेगा। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में सदानों की पहचान और आस्था के लिए सदानों के ध्वज (झंडे) का विमोचन 22 जनवरी को किया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम में राज्य के सभी जिले के मूलवासी सदान के शिक्षाविद, छात्र, युवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। आजादी से पहले असम, बंगाल, सहित अन्य राज्यों में सदान भारी संख्या में जाकर बस गये है, उन राज्यों के सदान भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस विमोचन में अपनी भागीदारी देंगे। झारखंड में मूलवासी सदानों के इतिहास को सबसे पुराना बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके बावजूद झारखंड राज्य में सदानों की घोर उपेक्षा होती रही है।

प्रो. अमर कुमार ने झारखंड में मूलवासी सदानों के इतिहास को सबसे पुराना बताया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को यहां के सदानों का नाम लेने में कष्ट होता है।

गोष्ठी में सामाजिक न्याय के प्रतिमूर्ति न्यायाधीश स्व. लोकनाथ प्रसाद को मंच द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। उपस्थित लोगों में हरीश ठाकुर, विशाल सिंह, प्रो अरबिंद प्रसाद, डॉ विकास विश्वकर्मा, प्रो. अमर कुमार, प्रो संजय सारंगी, डॉ ब्रजभूषण पाठक, प्रादुम मंडल, प्रो गौतम, डॉ बिजेंद्र विश्वकर्मा, मो हुसैन अंसारी, बिजय गोराई, मनीष देव, विवेकानंद रे, डॉ भुवन गोप, हेमंत कोयरी, प्रो राजू हजाम, महेंद्र ठाकुर, संजीत कोइरी, विशु महतो, अजय अहीर आदि ने भी अपने विचार रखे।

# सम्मेद शिखरजी को यथावत तीर्थस्थल रखने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत : विहिप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा झारखंड का हिमालय माने जाने वाला पारसनाथ पर्वत जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी है। यहां जैन धर्मावलंबियों के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की है। 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी इस पुण्य भूमि पर निर्वाण प्राप्त किया था। ऐसे पावन सम्मेद शिखरजी को केंद्र सरकार के द्वारा अधिसूचना में बदलाव करके समाज में व्याप्त श्रद्धा, विश्वास एवं तीर्थ की महत्ता को सम्मान दिया है। इस निर्णय का विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत स्वागत करता है।

डॉ साहू ने कहा सम्मेद शिखरजी पर्वत संपूर्ण विश्व के जैन समुदायों के लिए पूजनीय एवं पवित्र स्थल है। भारत सरकार ने जैन समुदाय के साथ-साथ पूरे सनातन समाज के लिए तीर्थ स्थल की पवित्रता एवं महत्व को स्वीकार कर विश्व पटल में अपनी प्रतिबद्धता का एक नया अध्याय लिखा है। डॉ साहू ने झारखंड सरकार से कहा कि पारसनाथ पर्वत क्षेत्र सहित झारखंड के सभी तीर्थ स्थलों पर शराब / नशा की वस्तुएं एवं मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू कर तीर्थ स्थल की मयार्दा को बनाए रखें। तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल बनाना सनातन हिंदू समाज को स्वीकार नहीं।

### श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्म संघ के मुनिश्री डॉ ज्ञानेंद्र ने सम्मेद शिखरजी की ओर शुरू की पदयात्रा



**रांची।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ संघ के आचार्य श्री महाश्रमण के शिष्य मुनिश्री डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, मुनिश्री विमलेश कुमार तथा मुनिश्री पदम कुमार तथा मुनिश्री सुबोध कुमार ने शुक्रवार को सम्मेदशिखर जी की ओर पदयात्रा विहार शुरू किया। मुनि श्री डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने दिगम्बर जैन भवन में आयोजित विदाई समारोह में दिगम्बर जैन भवन के अध्यक्ष धर्मचंद रारा, सचिव संजय पापड़ीवाल, पदम् छाबड़ा एवं समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों का भवन में मुनिश्री के इतने दिनों के प्रवास हेतु व्यवस्था करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर रांची श्वेताम्बर तेरापंथ समाज के अध्यक्ष अमरचन्द बेंगाणी, सचिव विनोद बेगवानी, विमल दस्साणी ने मुनि श्री का आभार प्रकट किया। घेवर चन्द नाहटा ने भी मुनिश्री के आगमन व उनके प्रवचन के लिए आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी सुरेश जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया उपस्थित लोगो में दिलीप बोहरा, विशाल दुग्गड़, प्रदीप चोरड़िया, कमल पींचा, कमलेश संचेती, आकाश बेंगाणी, धीरज बोथरा, विवेक दस्साणी, विनय बेगवानी, विनीत नाहटा, अनु बोथरा, रूबी बांठिया, रश्मि सिंघी, दिशा बेंगाणी आदि शामिल थे।

# डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक और औद्योगिक भ्रमण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के विद्यार्थियों को भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा शैक्षणिक व औद्योगिक भ्रमण पर टाटीसिलवे स्थित झारखंड गवर्नमेंट टूल्स रूम के विभिन्न प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं का दौरा कराया गया। विद्यार्थियों को थ्री डी प्रिंटिंग, लेथ मशीन, मैटेरियल टेस्टिंग, वेल्डिंग कटिंग और पीसीबी बोर्ड मीटिंग से सबंधित जानकारी दी गई।

छात्रों को इन संस्थानों के द्वारा हर दिन उपयोग में आनेवाले संसाधनों के तकनीकी ज्ञान के बारे में भी बताया गया। इसमें पेपर प्लेट, नेपकिन, बॉटल के निर्माण की विधि को बताया गया। इस दौरान भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, देवाशीष कुमार, अमृतराज महतो मौजूद थे।

# श्री श्याम मंडल रांची की 21 सदस्यीय टीम कोलकाता रवाना

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची का 21 सदस्यीय दल मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला के नेतृत्व में शुक्रवार को हावड़ा एक्सप्रेस से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। यह दल 7 एवं 8 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार, कोलकाता) के 53वें वार्षिक महोत्सव में शामिल होगा। कोलकाता में आयोजित होने वाले इस श्री श्याम महोत्सव में देश के कोने-कोने से श्याम भक्त पधार रहे हैं। इस दल में ज्ञान प्रकाश बागला, प्रमोद बगड़िया, अरुण धानुका, जीतेश अग्रवाल , राकेश सारस्वत, मनोज ढांढनियां, अभिषेक डालमिया, विवेक ढांढनियां, काली शर्मा, गौरव परसरामपुरिया शामिल हैं। श्री श्याम मंडल रांची के सदस्यगण सोमवार (9 जनवरी) को वापसी करेंगे।

# शारदा ग्लोबल की छात्रा ने सीबीएसइ ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल की 11वीं की छात्रा सृष्टि ने ऑल इंडिया सीबीएसइ ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की गरिमा को प्रतिष्ठित किया है। गाजियाबाद के एसजी पब्लिक स्कूल में विगत 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित हुई सीबीएसइ की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2022 में सृष्टि ने विद्यालय की ओर से भाग लिया था। इसमें उन्होंने कांस्य पदक जीता। बता दें कि वाराणसी में आयोजित ईस्ट जोन ताइक्वांडो में सृष्टि ने स्वर्ण पदक जीतकर ऑल इंडिया सीबीएसइ प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया था, जहां उन्होंने कांस्य पदक प्राप्त किया। सृष्टि ने यह पदक अंडर 17 के 68 किलोग्राम कैटेगरी में प्राप्त किया। सृष्टि की उपलब्धि पर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार हर्षित है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रंजना स्वरूप तथा प्राचार्य जसमीत कौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रेरणा दी।

## खबर एक नजर में

### नगर आयुक्त ने रातू रोड के नगर निगम अस्पताल का किया भ्रमण



**रांची।** नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को रातू रोड स्थित रांची नगर निगम द्वारा निर्मित अस्पताल की साफ–सफाई एवं उक्त अस्पताल को भविष्य में संचालन किए जाने हेतु भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में नगर आयुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अस्पताल के भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त के साथ उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार,सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### रांची जिले के प्रमुख स्थानों पर प्रशासन ने करायी अलाव की व्यवस्था



**रांची।** जिला में बढ़ती ठंड के मद्देनजर उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले के सभी प्रमुख स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है। जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र राहे, खलारी, नगड़ी चौक, चेक पोस्ट नगड़ी, मस्जिद चौक नगड़ी, नामकुम चौराहा, बुंडू, काकें अंचल, ब्राम्बे रोड, ब्राम्बे चौक, एवं मुरमा चौक एवं प्रमुख स्थानों, चौक–चौराहों पर लोगों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था जिला प्रशासन के निर्देश में की गई है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अंचल अधिकारियों को ठंड के मद्देनजर सतर्क रहते हुए, जिला के सभी आवश्यक जगह में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा निर्देश दिया गया हैं।

### ठंड से बचाव को डालसा ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**रांची।** झालसा के निर्देष पर बढ़ती ढंड को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा ठंड में ठिठुर रहे गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर डालसा सचिव राकेश रंजन व निबंधक अशोक कुमार स्वयं उपस्थित थे। कंबल का वितरण कांटा टोली चौक, फिरायालाल चौक में रह रहे गरीबों के बीच किया गया। साथ ही डालसा सचिव के द्वारा आश्रयगृह का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें देखा गया कि नगर निगम के टीम के द्वारा कंपकपाती ठंड में जो लोग सड़के के किनारे सो रहे हैं, उनको रेस्क्यू कर आश्रयगृह में सोने की व्यवस्था करायी जा रही है या नहीं।

### बेड़ो के करंज टोली में डालसा ने नालसा व झालसा स्कीम की दी जानकारी



**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के करंज टोली गांव में डोर–टू–डोर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसमें पीएलवी मालती देवी, सधनी देवी, सतीश कुमार एवं राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी शारदा देवी ने लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। शधनी देवी ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सतीश कुमार एवं ज्योत्सना गोराईं ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया। आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी।

# एनआइबीएम बैंकिंग, एसएससी व रेलवे की तैयारी को शानदार संस्थान

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सर्कुलर रोड स्थित एनआइबीएम में विभिन्न बैंकों में अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को संस्था के निदेशक एमके गुप्ता ने सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के सभी शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है, जहां विद्यार्थी ग्रुप बनाकर पढ़ते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग की जाती है व उन्हें मोटिवेट कराया जाता है।

निदेशक ने कहा कि संस्थान पिछले कई वर्षों से काफी बेहतर प्रदर्शन करता आ रहा है। लॉकडाउन के दौरान भी बेहतर तैयारी का परिणाम है कि अनेकों का अंतिम रूप से चयन हुआ। इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट के लिए सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी काफी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए मैट्रिक पास तथा स्नातक पढ़ रहे, स्नातक, बीटेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे की सेपरेट तथा कंबाइंड बेंच 9 तथा 13 जनवरी से विधिवत लाइब्रेरी रीडिंग के साथ सारी व्यवस्था कोविड-19 के तहत जारी है। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी सर्कुलर रोड स्थित सेंटर पर आकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वामी विवेकानंद गोल्ड कप में अंश और माचो विजयी

**रांची।** युवा महोत्सव के दूसरे दिन चारी हुजीर स्कूल मैदान कांके में स्वामी विवेकानंद गोल्ड कप टूनार्मेंट राज्य स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप अनिल टाइगर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस उत्सव में रामलखन मुंडा, ठानो, प्रभात, दीपक एवं अन्य प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। मैदान में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों को रोड सेफ्टी के बारे में भी विशाल ने जानकारी दी। आज का पहला मैच काका फुटबॉल क्लब चाईबासा बनाम अंश क्लब कांके के बीच खेला गया। इसमें अंश क्लब कांके 4-1 से विजयी रहा। दूसरा मैच माचो सिटी पूंदाग बनाम सिकीदीरी फूटबाल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें रोमांच मुकाबला हुआ और दोनों टीमें बराबरी पर रही। अंत में माचो सिटी पूंदाग पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से विजय रही।

# अब 26 फरवरी नहीं, 5 मार्च को होगी आदिवासी बचाओ महारैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 5 मार्च को आदिवासी बचाओ महारैली आयोजित करने का ऐलान किया है। पहले इस रैली का आयोजन 26 फरवरी को होना था। हालांकि 26 फरवरी को अन्य संगठनों द्वारा सरना धर्म को लेकर मोरहाबादी मैदान में रैली की घोषणा की गई है। यही कारण है कि आदिवासी बचाओ महारैली की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। यह महारैली राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द नई नियोजन नीति बनने और कुड़मी द्वारा एसटी सूची में शामिल करने के मांग के विरोध में होंगी। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में पूर्व मंत्री देव कुमार धान, लक्ष्मीनारायण मुंडा आदि ने दी।

उन्होंने कहा कि कुड़मी/ कुरमी/ महतो जाति के द्वारा शिड्यूल ट्राइब आदिवासी बनने की मांग मूल निवासियों की राजनीतिक हिस्सेदारी-प्रतिनिधित्व को खत्म करने के लिए कर रहे है। अपने छद्म एवं फर्जी शहीदों के नाम पर आदिवासियों के संघर्षशील नायकों के इतिहास में घुसा कर नौकरी, जमीन,पहचान आदि को हड़पने के लिए किया जा रहा है। आदिवासी समन्वय समिति का मानना है कि कुड़मी/कुरमी/महतो जाति की मांग पूर्ण अनुचित है तथा आदिवासियों के खिलाफ घोर षड्यंत्र है। इसी विषय को लेकर आदिवासी बचाओ महारैली आयोजित की जायेगी।

**सभी जिले के लोग शामिल होंगे :** इस महारैली में पूरे झारखंड के सभी आदिवासी समुदायों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें झारखंड के सभी जिलों के लोगों की भागीदारी होगी। इस संवाददाता सम्मेलन को आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा,अभय भुटकुंवर समेत कई लोग मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण के यश का श्रवण पवित्र करने वाला : स्वामी सदानंद

## हरमू रोड के सत्संग भवन में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के चार दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** शिवगंज, हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय श्री कृष्ण कथा के व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने शुक्रवार को भक्तों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने श्री कृष्ण कथा मधुर रस से युक्त बताया। यह कथा बालक युवा एवं वृष सभी को प्रिय लगती है भगवान श्रीकृष्ण के यश का श्रवण और कीर्तन दोनों पवित्र करने वाले हैं। वे अपने कथा सुनने वालों के हृदय में आकर विराजमान हो जाते हैं एवं उनके अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते हैं । जब अशुभ वासनाएं नष्ट होती हैं तब पवित्र कृष्ण भगवान श्री कृष्ण के प्रति अस्थाई प्रेम की प्राप्ति होती है। मानव को सदा सकारात्मक सोच रखने चाहिए। यह बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने से बड़ों के प्रति आदर सम्मान, छोटों के प्रति दया, बराबर वालों के साथ मित्रता एवं समस्त जीवो के साथ समता का बर्ताव करने से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। जिन पुरुषों के कर्म से तैनात ना तो धर्म का संपादन होता है ना वैराग्य उत्पन्न होता है और न ही भगवान के सेवा संपादन होते हैं वह पुरुष जीते जी मुर्दा सदृश्य हैं।

महाराज के साथ चलने वाले श्री रवि कांत जी शास्त्री ने श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान की चर्चा की। भजन लेखक एवं गायक पवन तिवारी के सुंदर भजन श्रवण कराकर आनंद विभोर किया। विनय ने ढोलक ताल पर संगत किया। कथा स्थल यशोदा के लाल भयो जय कन्हैया लाल की.... से गूंज उठा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद आज की कथा को विश्राम दिया गया।

आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक बसंत, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, बिजय अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अरुण केडिया , प्रभात गोयल, नवल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ अमित पोद्दार, प्रमोद सारस्वत सुरेश अग्रवाल विष्णु सोनी,ओम प्रकाश सरावगी ,सुरेश चौधरी एवं महिला मंडल की श्रीमती विद्या देवी अग्रवाल संतोष देवी अग्रवाल सुनीता अग्रवाल,सरिता अग्रवाल, पुनम अग्रवाल, सरिता अग्रवाल उर्मिला पडिया आशा मिश्रा,आशा सिंह कविता चौधरी आदि का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को ले न्यायिक दंडाधिकारियों साथ की गयी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची की अध्यक्षता में मीटिंग हॉल, व्यवहार न्यायालय, रांची में शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारियों साथ बैठक की गयी। इसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राकेश रंजन, एवं न्यायिक पदाधिकारीगण, कमला कुमारी, दिग्विजय नाथ शुक्ल, राम कुमार लाल गुप्ता, राजकुमार पाण्डेय, कमलेश बेहरा, शम्भू महतो, कावेरी कुमारी, अंकिता शर्मा, अशोक कुमार, शिवराज मिश्रा, गौतम गविन्दा, श्रृष्टि घई समेत अन्य उपस्थित थे। उक्त बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये गये।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाह से संबंधित वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसके अलावा बैंक ऋण से संबंधित मामले एवं कार्यपालक न्यायालयों के मामले को भी चिन्हित किया जा रहा है, जिसमें पक्षकारों को नोटिस कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन का प्रयास किया जायेगा। जहां तक सम्भव हो मोटर एवं वाहन दुर्घटना के वादों को भी बेंच पर सुलझाने पर फोकस किया गया।

# 14 मार्च से होगी जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर परीक्षा

## जैक ने जारी किया परीक्षा का शेड्यूल

खबर मंत्र ब्यूरो

**रांची।** जैक ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। दोनों परीक्षाएं 14 मार्च से होंगी। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों के माध्यम से ली जाएगी। इस दौरान क्वेश्चन पेपर पढ़ने के लिए अलग से 15 मिनट का समय दिया जाएगा। जैक की ओर से जारी शेड्यूल में कहा गया है कि 14 मार्च को पहली पाली में मैट्रिक की आईआईटी एवं अन्य वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। वहीं, दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से इंटर तीनों संकाय की वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। मैट्रिक की परीक्षा 3 अप्रैल को संस्कृत की परीक्षा के साथ समाप्त होगी। वहीं, इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल को कला संकाय की फिलॉसफी की परीक्षा के साथ खत्म होगी।

**9:45 बजे से होगी ओएमआर शीट पर मैट्रिक की परीक्षा** : जैक के सचिव महीप कुमार सिंह ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिका दोनों के माध्यम से होगी। माध्यमिक परीक्षा के लिए ओएमआर शीट आधारित परीक्षा सुबह 9:45 से 11:20 तक होगी। वहीं, प्रश्न/उत्तर पुस्तिका आधारित परीक्षा एक 11:25 बजे से दोपहर 1:05 बजे तक होगी। इंटर की परीक्षा के लिए ओएमआर शीट आधारित परीक्षा का समय दोपहर 2 से 3:35 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उत्तर पुस्तिका आधारित परीक्षा 3:40 बजे से 5:20 बजे तक ली जाएगी। माध्यमिक परीक्षा 14 से शुरू होकर 3 अप्रैल तक पहली पाली में और इंटर की परीक्षा 14 से शुरू होकर 5 अप्रैल तक द्वितीय पाली में होगी।

**28 और 30 जनवरी से डाउनलोड होगा प्रवेश पत्र** : माध्यमिक परीक्षा 2023 का प्रवेश पत्र 28 जनवरी से एवं इंटर का प्रवेश पत्र 30 जनवरी से जैक की वेबसाइट के माध्यम से विद्यालय या महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा डाउनलोड किए जा सकेंगे। माध्यमिक और इंटर परीक्षा के लिए उपस्थिति पत्रक रोल शीट एवं परीक्षा संबंधी अन्य पत्रों का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 4 मार्च को किए जाएंगे।

### प्रैक्टिल की परीक्षा 7 फरवरी से होगी

माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा 7 फरवरी से 4 मार्च तक संबंधित स्कूलों द्वारा ली जाएगी। वही, इंटर की प्रायोगिक परीक्षा 7 फरवरी से 4 मार्च तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण के लिए माध्यमिक परीक्षा के लिए 8 फरवरी से 6 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 8 फरवरी से 6 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि डाक या कुरियर द्वारा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित भेजा गया कोई भी प्रपत्र या कागज स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होंगे, तो उन्हें इस अवधि के उपरांत किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में शामिल होने का अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्हें अनुपस्थित मान लिया जाएगा।

---

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर वकील कोर्ट की कार्यवाही से रहे दूर

# रांची के सिविल कोर्ट में न्यायिक कार्य बहिष्कार का रहा असर, आज भी जारी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूरी तरह अलग हैं। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर वकीलों ने खुद को कोर्ट की कार्यवाही से दूर रखा है। जिससे अदालत की कार्यवाही पर व्यापक असर देखने को मिला। आरडीबीए के अध्यक्ष और महासचिव ने कार्य बहिष्कार की पूर्व संध्या ही ज़िला न्यायाधीश को पत्र लिखकर यह सूचना दे दी थी कि ज़िला न्यायालय में कोई भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य में शामिल नहीं होंगे। इसलिए पूर्व से सूचीबद्ध मामलों में किसी तरह की पीड़क कार्रवाई का आदेश पारित न किया जाये। वकीलों के न्यायिक कार्य से दूर रहने का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। कई फरियादी रांची के अलग अलग इलाकों से अपने केस की सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मायूस होकर वाला लौटना पड़ा।

**कोर्ट फीस और एडवोकेट एक्ट की मांग को लेकर आंदोलन** : रांची ज़िला बार संघ के महासचिव और झारखंड स्टेट बार काउंसिल के प्रवक्ता संजय विद्रोही ने वकीलों के कार्य बहिष्कार के निर्णय पर कहा कि कोर्ट फीस और एडवोकेट एक्ट की मांग को लेकर राज्य भर के वकील एकजुट हैं। यह कार्य बहिष्कार का यह सिलसिला कल यानी शनिवार को भी जारी रहेगा। इसके साथ ही सिविल कोर्ट के वकील इस मूड में हैं कि यह लड़ाई मांगे पूरी होने तक जारी रखी जाए।

## हाइकोर्ट की कार्यवाही में शामिल हुए सरकारी और प्राइवेट वकील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्णय के मुताबिक राज्य भर के वकील शुक्रवार और शनिवार को न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे। कई ज़िलों में काउंसिल के आदेश के तहत वकीलों ने न्यायिक कार्य से खुद को दूर रखा है। पुख़्ता जानकारी के मुताबिक झारखंड हाईकोर्ट में सरकारी वकील और प्राइवेट वकील कोर्ट में उपस्थित हुए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से संबंध वकीलों के अलावा निजी प्रैक्टिस करने वाले कुछ वकील न्यायिक कार्य में शामिल हुए हैं। न्यायिक कार्य से दूर रहने को लेकर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने अलग से कोई पत्र जारी नहीं किया था। लेकिन स्टेट बार काउंसिल ने राज्य भर के वकीलों को सख़्त हिदायत देते हुए यह निर्देश दिया है कि दो दिन किसी भी न्यायिक कार्य में वकील शामिल न हों। काउंसिल के निर्णय के बाद से ही इसका विरोध होना शुरू हो गया था। जिसके बाद अब हाईकोर्ट में सरकारी और प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले वकील कोर्ट की कार्यवाही में शामिल हो रहे हैं।

### निर्देश के बाद भी न्यायिक कार्य में शामिल वकीलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रांची।** कोर्ट फीस विधेयक के विरोध में न्यायिक कार्य से दूर रहने के फैसले के खिलाफ जाकर न्यायिक कार्य में शामिल होने वाले वकीलों पर काउंसिल कार्रवाई करेगा। काउंसिल ने सभी जिला बार संघों को पत्र जारी कर आंदोलन में शामिल वकीलों को काउंसिल के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की है। काउंसिल के पत्र के बाद अब यह अंदेशा जताया जा रहा है कि 6 जनवरी को न्यायिक कार्रवाही में शामिल होने वाले वकीलों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, अलग-अलग मामलों में हाईकोर्ट में कुल 300 वकीलों ने आज अदालत की कार्यवाही में हिस्सा लिया। इन वकीलों में सरकारी वकीलों के अलावा प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले वकील भी शामिल हैं।

---

मोरहाबादी में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# मैदान के दोनों ओर बनेगा वाटर प्रूफ पंडाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श कर पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लोकर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगंतुकों के लिए मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पंडाल/गैलरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेडिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिया।

उपायुक्त ने जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मंच के दोनों तरफ वाटरप्रूफ पंडाल, मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रुप से तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमण्डल गोंदा को दिया। वहीं मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मत एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर भी निर्देश जारी किया। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाली झांकी और परेड संबंधि जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली। उन्होंने बताया कि झांकी के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त हैं। साथ ही उन्होंने परेड में आईआरबी और भारतीय सेना के पलाटून को जोड़ने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, प्रभारी ट्रैफिक एसपी व ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, एसडीओ, सदर दीपक दुबे, एसडीओ बुंडू अजय कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक आइटीडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, रांची, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# गठबंधन सरकार की नीतियों के खिलाफ आजसू का 12 मार्च को युवा आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी आजसू ने हेमंत सरकार पर रोजगार और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया है। पार्टी ने फैसला किया है कि सरकार की नीति के खिलाफ आगामी 12 जनवरी को युवा आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर यह मार्च धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा मैदान से ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान तक जाएगी। यह फैसला शुक्रवार को आजसू के हरमू स्थित पार्टी मुख्यालय में लिया। अखिल झारखंड छात्र संघ की एक बैठक में पार्टी ने ये फैसला लिया।

बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, संघ के प्रदेश प्रभारी डॉ. विनय भगत, संघ के अध्यक्ष गौतम सहित छात्र संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं का भविष्य ठगा जा रहा : देवशरण भगत

देवशरण भगत ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2019 के मैनिफेस्टो में झामुमो ने रोजगार और नियोजन नीति से जुड़े जितने वादे किए थे, सभी फेल हुए हैं। राज्य के युवाओं को आज ठगा जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण युवाओं का भविष्य आज खराब हो रहा है। युवाओं का यही आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देगा।

### आक्रोश मार्च में शामिल हों युवा

देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा ली गयी सातवीं से दसवीं सिविल सेवा परीक्षा का पिछले दिनों मार्कशीट जारी हुआ। उसमें किस तरह से युवाओं को ठगा गया, वे सब जानते हैं. उन्होंने राज्य के सभी युवाओं से पार्टी के आगामी आक्रोश मार्च में शामिल होने का आग्रह किया है।

---

# राज्य में 22 प्रोजेक्ट को झारेरा ने दिया विस्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) में नए चेयरमैन के आने के बाद पेंडिंग कार्यों को निपटाने की रफ्तार तेज हो गई है। एक के बाद एक नए प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं। पहले से चल रहे 22 प्रोजेक्ट को एक्सटेंशन भी दिया गया है, ताकि बिल्डर अपना काम दिए गए एक्सट्रा समय में पूरा कर सकें। बिल्डर्स ने प्रोजेक्ट में देरी को लेकर रेरा से एक्सटेंशन देने की मांग की थी। इसमें उन्होंने प्रोजेक्ट में देरी का कारण भी बताया था। इसके बाद रेरा ने प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए बिल्डरों को समय दिया है।

**रजिस्ट्रेशन की बढ़ी रफ्तार** : राज्य में किसी भी प्रोजेक्ट का काम करने के लिए रेरा में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है लेकिन दो महीने तक चेयरमैन का पद खाली रहने से आवेदनों की पेंडिंग लिस्ट बढ़ रही थी। अब रजिस्ट्रेशन की रफ्तार तेज हो गई है। नए अध्यक्ष के आने के बाद रेरा में 14 नए प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड हुए हैं। इसके बाद रेरा में ऑफलाइन प्रोजेक्ट 617 और ऑनलाइन प्रोजेक्ट 423 रजिस्टर्ड हैं।

## जेबीवीएनएल ने एजेंसी को दिया तीन महीने में एक लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

**रांची।** जेबीवीएनएल ने आने वाले तीन महीने में राजधानी में एक लाख स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य चयनित एजेंसी को दिया है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो मार्च तक एजेंसी को ये लक्ष्य पूरा करना है। ऐसे में एजेंसी को हर दिन का लक्ष्य दिया गया है। जानकारी हो कि एजेंसी जीनस सेक्योर लिमिटेड को सरकार ने राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का काम दिया है। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो इस साल राजधानी में साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर लगा लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें शुरूआती तीन महीने में एक लाख का लक्ष्य रखा गया है।

---

# शहरों में बढ़ी बैंकिंग सेवा, डाकघरों को भी बनाया जाये लोकप्रिय : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में डाक विभाग के कार्यों को लेकर चर्चा हुई। डाक विभाग और डाकघरों को सेवा के क्षेत्र में कैसे बेहतर बनाया जाये इसपर समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव दिये। बैठक में रांची सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों व अन्य निजी माध्यमों की सुविधाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में डाक की लोकप्रियता शहरों में भी बनी रहे, इस क्षेत्र में हमें काम करना चाहिये।



**डाक विभाग ने लोगों का जीता विश्वास** : संजय सेठ ने कहा कि डाकघर बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह सुखद संकेत है। बैंकिंग सेवाओं के मामले में भी ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग ने लोगों का विश्वास जीता है। शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो, इसके लिए भी काम करने की जरूरत है।

**डाकघर के द्वारा नई योजना लाने का दिया सुझाव** : सांसद ने कहा कि पर्व त्योहारों में कई ई-कॉमर्स की कंपनियां, कूरियर कंपनियां राखी भेजने का, गिफ्ट पैकेट भेजने का काम करते हैं। यह राजस्व संग्रह का बड़ा जरिया बनता है। डाक विभाग के द्वारा भी ऐसी कई योजनाएं बनाई जाएं और उसे सफल किया जाये। उन्होंने आजादी के अमृत काल में डाकघर के द्वारा नई योजना लाने का भी सुझाव दिया।

---

# सदर अस्पताल खूंटी में नियुक्त होंगे सर्जन, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट

### 16 जनवरी को इंटरव्यू, एक साल का होगा कांट्रैक्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 100 बेड वाले खूंटी सदर अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है। वर्तमान में सदर अस्पताल में सामान्य और सिजेरियन प्रसव, पैथोलॉजी, एसएनसीयू और ब्लड बैंक का संचालन हो रहा है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से 1 सर्जन और 1 एनेस्थीसिया के डॉक्टर की नियुक्ति के लिए विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है।

**एक साल के लिए अनुबंध पर नियुक्त किए जाएंगे डॉक्टर** : सर्जन के 1 पद और एनेस्थीसिया के 1 पद पर एक साल के लिए अनुबंध पर नियुक्ति की जाएगी। नियुक्ति के लिए डॉक्टर के पास एक साल का कार्य अनुभव जरूरी है। एमबीबीएस की डिग्री के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त डॉक्टरों की ही नियुक्ति होगी। कुल 1,05,000 रुपया प्रति माह वेतन का भुगतान होगा। साक्षात्कार की तिथि 16 जनवरी को निर्धारित किया गया है।

---

कोल इंडिया लिमिटेड के स्रोतों से कोयले की आपूर्ति के घोषित ग्रेड में सुधार

# आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कोयले की गुणवत्ता में 18 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कोल इंडिया लिमिटेड के स्रोतों से कोयले की आपूर्ति के घोषित ग्रेड में सुधार हुआ है। वर्ष 2017-18 में यह आंकड़ा 51 प्रतिशत था, जबकि वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा बढ़कर 69 प्रतिशत हो गया है।



कोयला मंत्रालय का कहना है कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के स्रोतों से कोयले की आपूर्ति के घोषित ग्रेड के अनुरूप पर्याप्त सुधार हुआ है। वर्ष 2022-23 (नवंबर तक) में इस आंकड़े में वर्ष 2017-18 में 51 प्रतिशत की तुलना में 69 प्रतिशत तक का इजाफा देखा गया है। मंत्रालय के मुताबिक कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसमें समय-समय पर कोयला खदानों का पुनर्वर्गीकरण, बेहतर खनन तकनीक की शुरूआत, जैसे- सतही खनिक, धुले हुए कोयले की आपूर्ति, कोयले की सतह से रैपिड लोडिंग साइलो तक बेल्ट पर कोयले की सीधी ढुलाई के लिए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी, ऑटो एनालाइजर की स्थापना आदि शामिल हैं।

कोयला मंत्रालय ने कहा है कि घोषित गुणवत्ता के अनुरूप कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने का विभिन्न अधिकारियों और एजेंसीज को काम सौंपा गया है। मंत्रालय का अधीनस्थ कार्यालय, कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) नियमित रूप से कोयला खदानों के ग्रेड का मूल्यांकन और घोषणा करता है। ग्रेड भिन्नता का प्राथमिक कारण भारतीय कोयले की अंतर्निहित विषम प्रकृति है, या फिर इसे अलग-अलग बिंदुओं पर एक ही सीम के भीतर निकाले गए कोयले के अलग-अलग कैलोरी मान के रूप में देखा जा सकता है।

ग्राहकों की संतुष्टि को बनाए रखने और इसमें इजाफा करने के लिए खदान से लेकर प्रेषण स्थल तक कोयले के गुणवत्ता प्रबंधन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। इसका परिणाम है कि अब, सीआईएल के तमाम उपभोक्ताओं के पास स्वतंत्र थर्ड-पार्टी सैंपलिंग एजेंसीज के माध्यम से आपूर्ति के गुणवत्ता मूल्यांकन का विकल्प है। मंत्रालय ने कहा कि उत्तम (अनलॉकिंग ट्रांसपेरेंसी बाय थर्ड पार्टी असेसमेंट ऑफ माइन्ड कोल) उपभोक्ताओं / आम जनता के लिए कोयले की आपूर्ति के तीसरे पक्ष का सत्यापन प्रदर्शित करने के लिए उपलब्ध है।

---

# सीएमपीडीआइ में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के कोयल हॉल में सीआईएल और गैर-सीआईएल ग्राहकों के लिए माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर्स (एमडीओ) मोड परियोजना रिपोर्ट की तैयारी विषय पर चल रही दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र के अवसर पर संस्थान के सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से मुख्यालय से लेकर सभी क्षेत्रीय संस्थान द्वारा तैयार किए गए विभिन्न एमडीओ निविदा दस्तावेजों एवं खुली खदान और भूमिगत खदान एमडीओ प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में एकरूपता आएगी।



मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक(तकनीकी/ आरडीएंडटी) आरएन झा ने लॉजिस्टिक के दक्षता पर ध्यान देने पर बल दिया। लॉजिस्टिक शुल्क को कम करने की दिशा में भारत सरकार प्रयासरत है। एमडीओ इसमें एक अहम भूमिका निभाने में सक्षम है। इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक नियत अवधि के बाद होती रहनी चाहिए ताकि रिपोर्ट बनाने में जो भी परिवर्तन हो, उसका प्रयोग भविष्य के रिपोर्ट में किया जा सके। मौके पर सीएमपीडीआई के वरीय सलाहकार एके राणा ने एमडीओ परियोजनाओं के साथ अपने अनुभव को उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा किया।

दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, संस्थान के महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण भाग लिया। समापन सत्र के अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार उपस्थित थे।

# दिगंबर को इंसाफ दिलाने को निकाला गया कैंडल मार्च

## बहन ने लगाया था हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत रोमी गांव निवासी दिगंबर कुमार पिता दिलीप प्रसाद मेहता उम्र लगभग 23 वर्ष को इंसाफ दिलाने के लिए ग्रामीण सहित पूरे प्रखंड के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला ।इस दौरान दिन गुरुवार को चम्पाडीह बगीचे से रोमी बंगला चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान युवाओं द्वारा दिगंबर को इंसाफ मिले निष्पक्ष रुप से प्रशासन के द्वारा जांच हो दोषियों को फांसी हो आदि का नारा लगाएं।

उसके बाद मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। युवाओं ने मांगों को लेकर के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने का निर्णय भी लिया गया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार


कैंडल मार्च में शामिल लोग।

30 दिसंबर रात करीब 9:00 बजे ल्लँ33 सल्फर्नी गेट के समीप सड़क दुर्घटना में पूरी तरह घायल हो गया था जो कि ईचाक थाना पुलिस प्रशासन द्वारा रामकी कंपनी का एम्बुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां से हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां रात्रि करीब 12:00 बजे के लगभग डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां मृतक के बड़ी बहन प्रीति कुमारी ने भाई के दो दोस्त अनुज कुमार पिता वीरेंद्र मेहता ग्राम चचकपि थाना बरकट्ठा एवं बबलू कुमार पिता केदार प्रसाद मेहता ग्राम बरियट थाना इचाक पर हत्या का आरोप लगाया था। साथ ही साथ प्रीति कुमार ने बताया कि मेरा भाई का एक्सीडेंट नहीं हुआ । मेरे भाई को हत्या किया गया है वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर करवाई करने की बात कही।

## एक नजर में

### पेंशन भुगतान मामले पर आरडीडीइ ने लिया संज्ञान, दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार।

**हजारीबाग।** अक्सर सुर्खियों में रहने वाला डीएसई कार्यालय इस बार पेंशन मामले में संवेदनहीनता को लेकर चर्चा में है। सेवानिवृत्ति के बाद आठ वर्षों तक एक शिक्षिका को पेंशन न दिया जाए तो इसे मानवता के विरुद्ध ही कहा जाएगा। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का भुगतान न किया जाना सरकार के निदेर्शों का भी उल्लंघन है। इधर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि कृष्णा कुमारी नामक शिक्षिका का पेंशन भुगतान पिछले आठ वर्षों से लंबित है। कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षिका पूरी तरह से अस्वस्थ और निःशक्त हो चुकी हैं। मामले पर उन्होंने आरडीडीई को ई-मेल भेज कर सवाल उठाया था। आरडीडीई सुमनलता टोपनो बलिहार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे दुःखद और चिंता का विषय बताया है। साथ ही उन्होंने इसके त्वरित निष्पादन का निर्देश डीएसई को दिया है। साथ ही जिस स्तर से भी इसमें देरी हुई उसके विरुद्ध कार्यवाई का भरोसा दिया है।

# हजारीबाग में हुई जिला योजना समिति की बैठक


शेख तैयब व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** झारखण्ड सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की मौजूदगी में हजारीबाग समाहरणालाय में जिला योजना समिति (बीस सूत्री) की बैठक शुक्रवार को हुई।

बैठक में विष्णुगढ़ से जुड़े कई समस्यायों को जिला परिषद मध्य शेख तैयब द्वारा सभा पटल पर रखा गया। तैयब के माध्यम से विष्णुगढ़ से जुड़े कई मामले पर ध्यानाकर्षन करवाया गया।

तैयब द्वारा उपरैली बोदरा में वर्षों पूर्व बन कर तैयार पावर सब स्टेशन को चालू कराने, बनासो से बिरण बेडा मडमों तक बने सड़क के उखड़ने का मामला बैठक में रखा गया, कोनार डैम का पानी पाइप लाइन द्वारा हजारीबाग को पानी सुविधा के साथ विष्णुगढ़ बनासो के आठ गांव के ग्रामीणों को भी पानी की सुविधा की मांग रखी। वहीं जवीप्र के दुकान के मामले को भी सभा में रखा।

## मिड डे मील खिलाने को लेकर मुश्किल में शिक्षक

# अभिभावकों से कर रहे विनती, वैवाहिक कार्यक्रम की तरह देना पड़ रहा निमंत्रण

## गांव-देहात जाकर अपने-अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर में कर रहे बच्चों की तलाश

**अवकाश के कारण स्कूल नहीं आ रहे प्राथमिक विद्यालयों के नौनिहाल**

संदीप सिन्हा

**हजारीबाग।** बेतहाशा ठंड के कारण सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को आठ जनवरी तक के लिए छुट्टी दे दी गई है। ऐसे में बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। शिक्षा सचिव के आदेश पर सरकारी शिक्षक स्कूल खोलकर बैठे हैं। साथ ही छुट्टी में रहनेवाले बच्चों को मध्याह्न भोजन कराने का आदेश दिया गया है। ऐसे में अगर बच्चे मध्याह्न भोजन नहीं कर रहे, तो उसका कोपभाजन भी शिक्षकों को बनना पड़ेगा। इस भय से शिक्षक मुश्किल की स्थिति में हैं और गांव-देहात जाकर बच्चों को अपने पोषक क्षेत्र में तलाश रहे हैं। बच्चों को मध्याह्न भोजन की खातिर स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों से मिन्नत-विनती भी कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक शिक्षक कहते हैं कि अगर स्कूल छोड़कर बच्चों को बुलाने जाते हैं और किसी पदाधिकारी का निरीक्षण हो गया, तो उसमें भी वह फंसेंगे। अगर बच्चे मध्याह्न भोजन करने नहीं आते हैं, तो भी उन पर कार्रवाई होगी। अगर बच्चे स्कूल नहीं आए, तो मध्याह्न भोजन की बबार्दी भी होगी। दिन के एक बजे बच्चों को मध्याह्न भोजन के लिए बुलाया गया है। किसी वैवाहिक कार्यक्रम की तर्ज पर बच्चों को आमंत्रण और विजय कराना पड़ रहा है। लेकिन वरीय पदाधिकारियों का आदेश है, तो कोई न कोई युगत तो भिड़ानी ही होगी। इस संबंध में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. अतिकुज्जमा कहते हैं कि कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को छुट्टी दे दी गई है, परंतु मध्याह्न भोजन खिलाना है, तो खाना बने कैसे। शिक्षक 9:00 बजे सभी बच्चों के घर घूम-घूमकर खाना के लिए आज्ञा मांगे और 1:00 बजे पुनः घूमकर विजय कराए।


मध्याह्न भोजन बनाती रसोइया।

## रेशनलाइजेशन के लिए प्रकाशित सूची पर अजप्टा ने जतायी आपत्ति

खबर मन्त्र संवाददाता


अजप्टा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार।

**हजारीबाग।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ( अजप्टा) ने शिक्षकों के रेशनलाइजेशन की प्रकाशित सूची पर आपत्ति जताई है। संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि यह सूची बिना आपत्ति के निराकरण किए ही प्रकाशित किया गया है। कहा कि बीते वर्ष नौ सितंबर को एक सूची जारी की गई थी। इसके बाद संशोधित सूची 20 सितंबर को जारी की गई। बीते तीन जनवरी को जो सूची जारी की गई वह पूरी तरह से पहली बार प्रकाशित सूची से मेल खाती है। इसमें छात्र संख्या की गणना सरकारी व सहायक अध्यापक को लेकर की गई है। लेकिन रेशनलाइजेशन केवल सरकारी शिक्षकों का ही किया जा रहा है।

**सरकारी शिक्षकविहीन हो जाएंगे कई विद्यालयः** एनआईसी में प्रकाशित सूची पर प्रवीण कुमार ने कहा कि जिले के लगभग 50 विद्यालय सरकारी शिक्षक विहीन हो जाएंगे। इसमें छात्र संख्या में सुधार नही किया गया। कहा कि जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की भी गणना कर ली गई है। मृत शिक्षकों का भी सूची में नाम होना डीएसई कार्यालय की कार्यशैली को दशार्ता है। आपत्ति निराकरण की अनदेखी करते हुए लिस्ट के जारी होने से शिक्षकों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

## मुखिया सुनीता देवी ने गुंजा स्कूल में बच्चों में किया पोशाक वितरण

**इचाक।** राजकीय प्रथमिक विद्यालय गुंजा में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता बांटी गई । मुखिया सुनीता देवी के द्वारा दिया गया। मुखिया श्रीमती ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना अच्छा कदम है एंव पोशाक मिलने से बच्चो मे खुशी दिखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रिंकू कुमार ,मुखिया प्रतिनिधि राकेश उर्फ जोधन मेहता, सरिता देवी उपाध्यक्ष, सचिव रितेश शर्मा, सीपीआई नेता गोविंद मेहता, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, आदित्य मेहता, शिक्षिका मुन्नी कुमारी के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# उज्जैना स्कूल में बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण


पोशाक वितरण करते मुखिया सिकंदर राणा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत नव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उज्जैना में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता का वितरण किया गया।वितरण कर्यक्रम मुखिया सिकन्दर राणा, उपमुखिया अशोक राणा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक कुमार साव, उपाध्यक्ष ललिता देवी, सचिव योगेंद्र राणा के द्वारा संयुक्तरूप से किया गया। मुखिया सिकंदर राणा ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो, इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना सार्थक कदम है एवं पोशाक मिलने से बच्चो में खुशी देखने को मिला। मौके पर स्कूल अध्यक्ष अशोक साव, कृष्ण कुमार राणा, मुकेश राणा, संजय राणा, शिक्षक योगेंद्र राणा, महिलाओं में शकुंतला देवी, समुंद्री देवी, सारो देवी, शांति देवी के अलावे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रैफिक नियम के उलंघन पर होगी करवाई : रोहित

खबर मन्त्र संवाददाता


ट्रैफिक जांच अभियान में शामिल रोहित कुमार व अन्य।

**बरही।** आमजनों की लापरवाहियों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं को देखते हुए हजारीबाग यातायात थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बरही चौक के आस-पास ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने व बरही को नो पार्किंग जोन बनाने को लेकर अभियान चलाया। उनके साथ ट्रैफिक सड़क सुरक्षा से संतोष कुमार, सारिख इकबाल समेत पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी रोहित कुमार ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान काटा। उन्होंने बताया कि बरही को नो पार्किंग जोन अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चालकों से उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की। किसी भी प्रकार के नशे का सेवन कर वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर विभिन्न प्रकार के फाइन को शामिल किया गया है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों को ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग कर ट्रैफिक थाना द्वारा पकड़ते नजर आए। कहा कि कोई भी वाहन चालक अगर शराब पीकर गाड़ी चलाते समय पकड़ा जाता है तो 10000 रुपये जुमार्ना एवं कारावास की सजा हो सकती है। कहा कि अतिक्रमण के कारण कभी कभी लोगों की जान चली जाती है इसलिए अभियान चलाने का उद्देश्य लोगों के बीच जनजागरूकता फैलाना है।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया मुख्य मार्ग जर्जर

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के टाटीझरिया पंचायत मुरुमहतो गांव जाने के रास्ते प्रखंड सह अंचल कार्यालय है । जहां रास्ते की स्थिति जगह जगह गढ्ढा हों जाने के कारण वर्षा के दिनों में पैदल दो पहिया चार पहिया वाहनों से आवागमन कर रहे क्षेत्रीय राहगीरों को गढ्ढा में पानी जमा होने के कारण बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि इसी रास्ते कई नेता मंत्री प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मी समाज सेवी गणो का आवागमन होता है। लेकिन अब तक किसी ने सुध तक नही लिया।

## क्षेत्र विकास योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रशिक्षण में झारखंड के जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। टाटीझरिया प्रमुख व संघ के जिलाध्यक्ष संतोष मंडल ने बताया कि कार्यशाला के दौरान प्रखंड पंचायत विकास योजना और जिला पंचायत विकास योजना को तैयार करने के संदर्भ में विशेष चर्चा तथा सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में देश के सभी राज्यों से जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल थे। जिसमें पेयजल, स्वच्छता, बेरोजगारी, गरीबी मुक्त उन्नत गांव, स्वस्थ पंचायत, जल संरक्षण, समाजिक रूप से सुरक्षित गांव आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई है। प्रशिक्षण में विकासात्मक कार्यों का रूपरेखा तैयार करके पंचायत विकास योजना को ग्राम सभा से पारित करना है। इस योजना के लिए मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत की अपनी निधि तथा विभिन्न विभागों के मुख्य योजनाओं के अभिसरन करने के लिए अपील की गई।

## जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में सेमेस्टर -1 का आंतरिक परीक्षा संपन्न

**इचाक।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में सेमेस्टर -1 का आंतरिक परीक्षा संपन्न हुई। जिसमे 1506 विद्यार्थी शामिल हुए।महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विनय कुमार ने कहा कि इस आंतरिक परीक्षा से विद्यार्थियों में फाइनल परीक्षा का आकलन करने में आसानी होती है जिससे विद्यार्थी में जो डर की भावना होती है वे समाप्त हो जाते है।सभी विद्यार्थियों में डर बना हुआ था की चार वर्षीय पाठकर्म में किस प्रकार का परीक्षा होगी। इस आंतरिक परीक्षा से सभी विद्याथीर्यों में डर समाप्त हो गई और सभी विद्यार्थी आंतरिक परीक्षा को देकर निकलते समय विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखी गई। इस परीक्षा को संपन्न करवाने में संपन्न करवाने में महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, परीक्षा नियंत्रक अजय उरांव, शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, रियाज अहमद, अजीत हंसदा, आशीष पांडे, संगम कुमारी, संजय प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।

# धनवार में चलाया गया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र हजारीबाग इचाक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार योजना से युवाओं को जोड़ने के लिए धनवार पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हजारीबाग इचाक सेंटर के प्राचार्य चंदन सिंह ने पंचायत की महिलाओं को योजना का लाभ बताते हुए क्षेत्र के युवा एवं युवतियों को जोड़ने के लिए अपील किया। उन्होंने बताया कि सेंटर में बेरोजगार युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उनके अंदर कौशल भरने का कार्य किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क रूप से दिया जा रहा है, जिसमे क्षेत्र के अभ्यर्थियों को खाने पीने एवं रहने की उत्तम व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस बाबत स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की महत्वकांक्षी एवं लाभकारी योजना है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद के साथ सेंटर के प्राचार्य चंदन सिंह, प्रशिक्षक जमशेद आलम, नीलम कुमारी, मधु देवी, रंजना कुमारी, रुपा देवी, द्रौपदी देवी, संजू देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थे।


प्रशिक्षण योजना की जानकारी देते मुखिया राजेंद्र प्रसाद।

## प्रारंभिक विद्यालयों की युक्तिकरण सूची पर संघ ने जतायी आपत्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षकों की युक्तिकरण को लेकर बीते तीन जनवरी को एनआईसी में सूची जारी की गई।प्रकाशित सूची को लेकर शिक्षक संघ ने आपत्ति जताई है।

झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस पर आपत्ति जताते हुए डीएसई को ई-मेल भेजा है। उन्होंने लिखा कि युक्तिकरण की इस प्रक्रिया से कई विद्यालय सरकारी शिक्षकविहीन हो जाएंगे।

शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के दर्जनों प्रारंभिक विद्यालयों में जिन शिक्षकों को भेजने की सूची बनाई गई है, वह राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत तैयार की गई है। उसमें छात्र और शिक्षक अनुपात 30 और 35 अनुपात एक रखी गई है। लेकिन आरटीई के प्रावधानों के अनुसार हर विद्यालय में एक सरकारी शिक्षक अनिवार्य है।

# चिंतन कार्यशाला सह वनभोज 11 जनवरी को

## बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा, योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का निर्णय


बैठक में उपस्थित कांग्रेस के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** कांग्रेस पार्टी, पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक शुक्रवार को पीटीपीएस स्थित विधायक अंबा प्रसाद के आवासीय कार्यालय में हुई। इस दौरान कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 11 जनवरी को विधायक के आवासीय कार्यालय में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय चिंतन कार्यशाला सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहू, अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, संजीव सिंह, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## 25 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का हुआ वितरण

**भदानीनगर (रामगढ़)।** लपंगा पंचायत के आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल इंदिरा चौक भदानीनगर में शुक्रवार को 25 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी ने बच्चों के बीच दो-दो सेट स्वेटर का वितरण करते हुए कहा कि किसी भी हाल में बच्चों को पठन-पाठन में दिक्कत नहीं होने दूंगी। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य बच्चों को हर हाल में ठंड से बचाया जायेगा। पठन-पाठन सहित हर तरीके से बच्चों के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। पंसस ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की आप अपने-अपने बच्चो को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजे ताकि सरकार द्वारा दी जा रही सारी सुविधा का शत प्रतिशत लाभ मिले और बच्चो का शरीरक व मानसिक विकास हो सके।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के क्रम में सर्वप्रथम डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन भूषण कुमार दांगी द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना के विषय में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों के स्थापना व उन्नयन के लिए परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रुपये) तक पूंजीगत अनुदान दिया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारिता समूहों को पूंजी निवेश पर 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक अनुदान, स्वयं सहायता समूह को शुरूआत करने हेतु 40 हजार रुपए का प्रारंभिक पूंजी समर्थन, चिन्हित खाद उत्पाद की ब्रांडिंग और विपणन की सहायता के लिए कुल व्यय के 50 प्रतिशत तक सहायता, व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को समन्वय हेतु न्यूनतम 10 प्रतिशत लाभार्थी का योगदान, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों के स्थापना व उन्नयन के लिए अनुदान का प्रावधान निश्चित है। उप विकास आयुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ एवं सहकारिता समूहों के साथ बैठक आयोजित करते हुए योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस योजना के लाभ से रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों के लोगों को भी आच्छादित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने उपस्थित सभी बैंको के प्रतिनिधियों को पीएमईजीपी के तहत लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उधोग केंद्र, परियोजना निदेशक आत्मा, डीडीएम नाबार्ड, सभी बैंकों के बैंक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।


बैठक में शामिल लोग।

स्पीड न्यूज

### बुंडू प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष बनीं रोशनी लंग



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं की बैठक ताऊ पंचायत सचिवालय में कांची पंचायत मुखिया नारायण उरांव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में बुंडू प्रखंड मुखिया संघ का गठन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का किया गया। जिसमें अध्यक्ष- रोशनी लंग ताऊ पंचायत, उपाध्यक्ष- संदीप जड़ेया पंचायत, सचिव- सिद्धार्थ मुंडा, रेलाडीह पंचायत, कोषाध्यक्ष- अंजना देवी, सुमानडीह पंचायत चुनी गई। बैठक में मुखिया द्रौपदी देवी, प्रियंका देवी, रेखा देवी, लालमोहन पाहन, सीमा देवी एवं सम्पति देवी उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के पोगड़ा राढू नदी घाट से शुक्रवार सुबह दो ट्रैक्टर जेएच 01सीवी 0610 ओर 5036 को राहे पुलिस प्रशासन ने पकड़ा। राहे सीओ महेंद्र छोटन उरांव और ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के साथ पुलिस टीम ने शुक्रवार की सुबह अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ छापामारी किया। इस दौरान राढू नदी के पोगड़ा घाट से अवैध रूप से बालू ले जाते हुए दो ट्रैक्टर को पकड़ा। इस संबंध में सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर पकड़ा गया है। दोनों पर कार्रवाई की गई है। अवैध बालू के खिलाफ छापामारी जारी रहेगा। ज्ञात हो कि अभी राज्य में बालू उठाव के लिए नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। जिससे नदी घाटों से बालू का उठाव अवैध है। चोरी-छुपे ट्रैक्टर चालक नदियों से बालू का उठाव करते हैं और अधिक कीमत पर बेचते हैं।

### मुखिया संघ के गठन को लेकर बैठक कल

**मांडर।** मांडर प्रखंड मुखिया संघ की बैठक प्रकाश खलखो की अध्यक्षता में मंगलवार को मांडर में हुई। बैठक में रांची जिला मुखिया संघ के गठन को लेकर आठ जनवरी को मुड़मा जतरा स्थल में रांची जिला के सभी प्रखंडों के मुखिया का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि सम्मेलन में अन्य जिलों के भी मुखिया को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में सरकार से झारखंड राज्य वित्त आयोग का गठन करनेए त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को उचित मानदेय देनेए चयनित पंचायत प्रतिनिधियों के आकस्मिक निधन पर परिजनों को दस लाख का मुआवजा देनेए मुखिया को पंचायती राज के 29 विभागों का पूर्ण अधिकार देने की भी मांग की जाएगी। बैठक में अन्य के अलावा लक्ष्मण भगत, मंगरा उरांव, बहादुर उरांव, संतोष कुजूर, सोहंती एक्का, अनिता उरांव, बंधना उरांव आदि मौजूद थे।

### समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी

**ओरमांझी।** छोटा नागपुरिया कुम्हार विकास समिति के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ बीता महतो के अध्यक्षता में कुम्हार विकास समिति की एक बैठक हुई। जिसमें कुम्हार समाज के विकास पर चर्चा किया गया। विदेशी प्रजापति ने कहा अपनी पारंपरिक कार्य के साथ कुम्हार समाज के किकास के लिए षिक्षित समाज का निर्माण करना जरूरी है। संचालन सिकंदर महतो ने किया। बैठक में छोटा नागपुरिया कुम्हार विकास समिति ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार, केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति, सचिव जनक महतो, जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, वार्ड सदस्य संतु महतो, बबलू महतो, जगदीश महतो, सहजनाथ महतो, मनोज महतो, महेश महतो, रामदर्शन महतो, बसंत कुमार, ललकु महतो, रामदेव महतो, केवलराम महतो, तेजू प्रजापति, अशोक महतो, मदन प्रजापति, अर्जुन महतो, अमित कुमार महतो आदि उपस्थित हुए थे।

# कोयला व्यवसायी को घायल कर भागे दो अपराधी गिरफ्तार

## व्यवसायी को चाकू से घायल करने के बाद कार लेकर भाग गये थे अपराधी

### पुलिस ने आठ घंटे के अंदर जमशेदपुर में दबोचा




खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देशनुसार टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधी सहित ब्रेजा गाड़ी को महज 8 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। घटना को लेकर पिपरवार थाना परिसर में टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि बालूमाथ के कोयला व्यापारी मोहम्मद जहीर का अपहरण कर चाकू से हमला करने और उनकी ब्रेजा गाड़ी लूटकर भागने वाले दो अपराधियों को पिपरवार पुलिस ने जमशेदपुर के बरसोल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है । घटना चार जनवरी की है। बालूमाथ के कोयला व्यापारी मोहम्मद जहीर को पूर्वी मेदनीपुर पश्चिम बंगाल के दो कोयला व्यापारी को कोयला दिखाने पूर्णाडीह कोयला खदान पहुंचे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल मेदनीपुर के दोनों व्यापारी ने मो जहीर को गले में रस्सी बांधकर उन्हें गाड़ी से उतारा और चाकू से हमला कर दिया। जिसके पश्चात घायल अवस्था में मोहम्मद जहीर को वहीं छोड़कर उनकी ब्रेजा गाड़ी लेकर भाग निकले। घायल कोयला व्यापारी मोहम्मद जहीर द्वारा पिपरवार पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से उसे जमशेदपुर के पास बरसोल के पास पकड़ा। साथ ही पकड़े गए दोनों अपराधियों को चतरा जेल भेज दिया।

### बंगाल भागने के फिराक में थे अपराधी

दोनों अपराध कर्मी द्वारा लूटे गए ब्रेजा गाड़ी के साथ बंगाल भागने के फिराक में थे। गिरफ्तार अपराधियों में शेख हुसैन अली उर्फ अबू अली, पिता अनवर अली उम्र 38 वर्ष एवं गोरांग चटर्जी, पिता स्व विश्वनाथ चटर्जी उम्र 30 वर्ष पता कुमरचक थाना दुर्गाचक जिला पूर्वी मेदनीपुर (पश्चिम बंगाल) निवासी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक ग्रे रंग की ब्रेजा कार, एक काला बैग, एक रस्सी एवं पर्स एवं दो मोबाइल सेट बरामद किया गया है। छापामारी अभियान दल में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंह एवं थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नाइन एमएम पिस्टल व रिवाल्वर के साथ एक धराया



**चान्हो।** रांची एसएसपी के निर्देश पर शुक्रवार को चान्हो पुलिस ने कुडू प्रखंड के ककरगड़ निवासी अनवर अंसारी नामक एक अपराधी को बलसोकरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से पुलिस ने एक नाइन एमएम पिस्टल, एक रिवॉल्वरए एक पुलिसिया हथकड़ी और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। उसके ऊपर कुडू के अलावा अन्य कई थानों में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया जाता है कि वह कई जगहों पर डीएसपी बनाकर लोगों से पैसे की उगाही किया करता था। इसकी सूचना मिलने पर रांची एसएसपी के निर्देश पर कुछ थानों के थानेदार की एक टीम बनाई गई जिसके बाद पुलिस ने इसे अपनी गिरफ्त में ले लिया।

## देसी कट्टे के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार, चोरी की बाइक जब्त

### आपराधिक गिरोह के आतंक से भयभीत थे राहगीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीनियर एसपी कौशल किशोर के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार की रात पाली रोड में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का चोरी की केटीएम मोटरसाइकिल सवार दो नाबालिग देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किये गये। जबकिए सरगना 25 वर्षीय सोमा उरांव उर्फ एतवा फरार हो गया। वह बेड़ो के चिगरिया निवासी लेले उरांव का पुत्र है। पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों आरोपित मांडर टांगरबसली के रहने वाले हैं। मामले को लेकर रातू थाने में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 5-23 दर्ज कर उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया। मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। नामकुम के खरसीदाग ओपी में कांड संख्या 433/22 दर्ज है। 24 नवंबर 2022 को इसी गिरोह ने भुसुर गैस गोदाम के पास से इसकी चोरी कर ली थी। सोमा की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। इस अपराधिक गिरोह के आतंक से पाली-ब्राम्बे मार्ग पर चलने वाले राहगीर भयभीत थे। इनकी गिरफ्तारी से ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है।

**अभियान में थे शामिल**

पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक पिंटू कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, अंजन कुमार समेत उज्ज्वल कुमार सिंह, हवलदार गणेश साहू, मनोज कुमार चौबे, गुलाम हसनैन खान, लालबाबू राय व विशेश्वर बड़ाईक आदि।

# महुआ माजी ने सुनीं खलारी के लोगों की समस्याएं

### सांसद का पिपरवार के लोगों ने किया भव्य स्वागत



खबर मंत्र संवाददाता

**खलारी।** झामुमो के द्वारा खलारी प्रखंड में झारखंड के राज्यसभा सांसद महुआ माजी का कोयलांचल खलारी पिपरवार की और से नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में आयोजित आभार यात्रा में पहुंचे। आभार यात्रा का आरंभ खलारी स्थित झील होटल के पास झामुमो कार्यकताओं ने महुआ माजी का जोरदार स्वागत किया गयाण उसके बाद केडी अम्बेडकर चौक के पास नेहरू क्लब में कार्यक्रम का शरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता राजन सिंह राजा व मंच संचालन तनवीर आलम, विशाल पासवान ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद को बुके व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मंच पर मौजूद रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, सुनील यादव, साबिर अंसारी, नवीर आलम, चुरी दक्षिणी मुखिया मलका मुंडा, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, जालिम सिंह, नंद किशोर सिंह चंदेल जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, इस्माइल अंसारी, कामेश्वर यादव, रूबी यादव, भोला यादव, मुकेश यादव उपस्थित थे।

**कोयलांचल की समस्याओं को दूर करने का किया वादा**

कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि देवखंड की धरती में मेरा आगमन जनता की समस्याओं से रू-ब-रू होने के लिया हुआण्जनता की परेशानी मेरा परेशानी हैएजल्द ही कोयलांचल क्षेत्रों की जटिल समस्याओं दुरुस्त करने का कार्य किया जायेगा। बिगन सिंह भोगतारू रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि हमारी जमीनएहमारा जंगल पर कोई आ कर कब्जा करेए कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। हमे अपनी हक की लड़ाई लड़नी होगी।

### सीमेंट फैक्ट्री में अवैध कोयला ट्रांसपोर्टिंग का लिया जायजा

**खलारी।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने सीमेंट फैक्टी का दौरा कियाण उक्त सीमेंट फैक्ट्री में कई वर्षो से चल रहे अवैध रूप से कोयले ट्रांस्पोटिंग का जायजा लियाण सीमेंट फैक्टी में कोयला ट्रांस्पोटिंग बंद हो उसमे पुनः सीमेंट का उत्पादन करें राज्य सभा सांसद सांसद कि अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में खलारी बीडीओ लेख राज नागएडीएसपी अनिमेष नैथानी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ सीमेंट फैक्टी, एसीसी भवन, रोजगार एवं कोयलांचल में हो रहे अपराध के विषय मे चर्चा कर शक्त हिदायत देते हुए कहा जल्द से जल्द पर लगाम लगनी चाहिये।

### कसमार में टुसू निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर महाविद्यालय के सभागार में जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच की ओर से आयोजित टुसू निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन शाहपुर इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो द्वारा कियागया। समारोह में उपस्थित संस्था के निदेशक सह कार्यशाला के संयोजक विनोद कुमार महतो श्रसलीनश्ने कहा कि यह कार्यशाला सांस्कृतिक उत्थान, संवर्धन को अक्षुण्ण रखने हेतु किया गया है। प्रथम दिन लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके अशोक महतो, बलराम महतो, काशी नाथ महतो मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में अनियमितता : ग्रामीणों ने रोका काम

### प्राक्कलन के विपरीत किया जा रहा काम : मुर्तजा आलम

**सड़क की पिच हटाये बगैर बोल्डर डाल कर हो रहा काम**



खबर मंत्र संवाददाता

**इटकी।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इटकी रेलवे स्टेशन से टुरूगुरु गांव तक करीब 40 लाख की प्राक्कलन राशि से 1.650 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को आजसू पार्टी के बैनर तले जिला सचिव मुर्तजा आलम के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अनियमित सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते हुए निर्माण कार्य बंद कराया। योजना स्थल पर विभागीय अभियंता की उपस्थिति के बाद ही निर्माण कार्य चालू किये जाने की बातें कही। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में सड़क पर पिच किया है, जो कहीं कहीं टूट गया है। संवेदक मनमानी करते हुए पिच पर ही बोल्डर डाल कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते कार्य ठप करा किया।

**सुधार नहीं हुआ तो आजसू करेगा आंदोलन**

आजसू जिला सचिव मुरतेजा आलम ने कहा कि इस योजना में विभागीय अभियंता के अदूरदर्शिता के कारण योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन के विपरीत कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। यदि समय रहते सड़क निर्माण में पारदर्शिता नहीं लाई जाती है तो आजसू पार्टी जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करेगा। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, कुद्दुस अंसारी, अबू तालिब अंसारी, जाहिद मुजाहिद आशिक कैसर, नईम, मो अंजर, मंगरा तिर्की, चारों उरांव, हसमुद्दीन मौजूद थे।

एक नजर में

### अनगड़ा में मनी बालेश्वर प्रसाद की जयंती



**अनगड़ा।** पूर्व मुखिया, समाजसेवी एवं जशपुरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक स्वण श्री बालेश्वर प्रसाद जी का जयन्ती कॉलेज परिसर में धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ कॉलेज के अध्यक्ष श्री जैलेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि श्री बालेश्वर प्रसाद सच्चे समाजसेवी थे उन्होंने गरीब पिछड़े लोगों के उत्थान के लिये हमेशा कार्य किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक सुश्री शालिनी प्रिया प्राध्यापक वर्षा रानी सरिता सिंह सरिता शर्मा शशि प्रभा संजीब कुमार उनके बड़े पुत्र प्रमोद कुमारएब्रजकिशोर प्रसाद प्रेम रंजन प्रसाद प्रीत रंजन प्रसाद रंचन कुमारी महफूज अंसारी एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

### पूर्व जिप सदस्य ने नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**कांके।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाईगर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने कांके के नए थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजीव कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं पुराने थाना प्रभारी बृज कुमार को भी शुभकामनाएं दी व उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं की। कहा कि कांके थाना परिवार द्वारा आम जनता के बीच अच्छे समानजंस्य बनाकर कार्य किया जाना लोगों के लिए प्रशंसनीय है। वहीं थाना प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि कांके की आम जनता के लिए मैं सहज उपलब्ध हूं। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था संबंधित समस्या होने पर वह मुझसे सीधे संपर्क कर सकते है। मैं क्षेत्र से अपराध को समाप्त करने की दिशा में पहल करूंगा। अपराधी किसी भी हाल में बक्से नहीं जाएंगे। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता गिरजा शंकर पांडे, मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा, हीरा सिंह, प्रभात भूषण, प्रदीप किशुन राम सहित कई थे।

# फुटबॉल का लुत्फ उठा रहे खेल प्रेमी

### खिलाड़ियों का प्रदर्शन रोमांचक, सराहे जा रहे प्लेयर

**ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव आयोजित**

शेख मुजिबुल

**रातू।** नवीन स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से हाई स्कूल मैदान में आयोजित ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव के दूसरे दिन पांच मैच खेले गये। विजेता टीमों में साहेर, रातू पूर्वी, बिजुलिया, चटकपुर व सोपारम शामिल हैं। इन्होंने क्रमशः सुंडील, तारूप, चिपरा, साहेर बी और लहना को सीधे और ट्राइब्रेकर के जरिये शिकस्त दी। लालगुटवा के खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी के कारण हुरहुरी को वॉक ओवर का लाभ मिला। प्रतियोगिता में फुटबॉल प्रेमी खेल का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की खूब तारीफ हो रही है।

**आज होगा मुकाबला**

विधायक प्रतिनिधि जेम्स खलखो ने बताया कि शनिवार को पुरियो व गुडूए पाली व रातू पश्चिमी, पंडरा व चंदाघासी, देवरी व रातू उत्तरी, उत्तरी टुन्डुल व कमड़े तथा फुटकलटोली व बानापीड़ी के बीच भिड़ंत होगा। खेल की शुरूआत 11 बजे से होगी। श्री खलखो ने कहा कि जो टीम निर्धारित समय पर नहीं पहुंचेगी, उनकी विपक्ष की टीम को वॉक ओवर दे दिया जायेगा।

**आठ रेफरी दे रहे सेवा**

खेल में आठ अनुभवी रेफरी की सेवा ली जा रही है। इसमें संतोष उरांव, संदीप तिग्गा, संतु मुंडा, सुरेश मुंडा, शिवकुमार लोहार, विजय नायक, दिनेश करमाली व सुरेश कच्छप शामिल हैं। वहीं अंकित उरांव, ऋषि उरांव, विमल उरांव, रक्षित उरांवए रिंकु उरांव, अभय तिर्की, निशांत उरांव, विनंजय किस्पोट्टा, अमरदीप उरांव व रोनित उरांव प्रशासनिक जिम्मेवारी निभा रहे हैं।

### केंद्र की भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध : राकेश

खबर मंत्र संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत के मांडर विधानसभा क्षेत्र के लापुंग और बेड़ो सहित विभिन्न प्रखंडों में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत सात सड़क स्वीकृत कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रांची जिला स्तरीय सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार भगत ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद के प्रयास से पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने ने कहा कि सड़क निर्माण होने से पूरा मांडर विधानसभा क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएगी। प्रखंड के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा। जिससे सैकड़ो गांवों के लोगों व किसानों को सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण योजनाओं में क्रमशः लापुंग में फतेहपुर . बाकाकेरा मुख्य सड़क से उलगाड़ा पतराटोली से कालजे होते हुए से मालगो पतरा टोली तक 13ण्5 किलोमीटरए बेड़ो से मुरतो डूमर टोलीएटेरो और नवा टोली तक सड़क निर्माण कार्यए बेड़ो तुको मल्टी भाया सेमर टोली तक, मांडर के ब्राम्बे से मल्टी मोड़ से चटवल तक, सोसई से नारी भाया बनझिला चान्हो में बिजुपाड़ा खलारी रोड से हेटनाई भाया लेपसर तक, इटकी में गड़गांव से टिकरा टोली तक तक पथ निर्माण कार्य किया जाएगा।

## ओरमांझी : यज्ञ महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक



खबर मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी।** दुर्गा माहेदव मंदिर यज्ञ वार्षिक महोत्सव आयोजन को लेकर दुर्गा मंदिर पसिर में पूजा समिति ओरमांझी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्षिक महोत्सव को सफल आयोजन के लिए विभिन्न उप समितियों की गठन करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि 29 जनवरी से दो फरवरी 2023 तक पंच दिवसीय यज्ञ वार्षिक महोत्सव का आयोजन भव्य कलष यात्र के साथ किया जाएगा। जिसमें महिलाओं का सहभागिता के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी दी गई है। साथ ही विधि व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गंभीर विचार-विमर्श की गई। संचालन श्याम किशोर महतो ने किया।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में पूर्व प्रमुख जय गोविंद साहू राम चंद्र साहू उमाशंकर साहू, दिलीप मेहता, मुखिया दीपक बड़ाईक, वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, सतीश बड़ाईक, संतोष कुशवाहा, शंकर गुप्ता, आमोद कुमार साहू, सुरेश महता, भीम मुंडा, कीर्तिकांत साहू, रामकुमार महतो, कुलदीप तिवारी, राजेश गुप्ता, नीरज नायक, नीरज पांडे, दिवाकर साहू, नितेश साहू, सुंदर नायक, योगेंद्र मुंडा, पारस मुंडा व समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थें। इसकी जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने दी।

# डीमरा नाला पर पुल बनने से 10 किमी कम होगी दूरी

### सात दशक से डीमरा नाला पर पुल निर्माण करने की ग्रामीणों की मांग होगी पूरी



विनीता सिन्हा

**सिकिदिरी।** पिछले सात दशक से ग्रामीणों द्वारा डीमरा नाला में पुल निर्माण की मांग पूरी होने जा रही है। इसको लेकर चार दिन पूर्व ग्रामीण विकास विभाग ने छह करोड़ की लागत से पुल निर्माण के लिए टेंडर निकाला है। विभाग की इस कवायद का ग्रामीणों ने स्वागत किया है। नवागढ़ पंचायत को कुच्चू पंचायत के डीमरा से जोड़नेवाली डीमरा नाला पर पुल का निर्माण होने से ग्रामीणों को डीमरा जाने के लिए करीब नौ किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। वर्तमान में लोग बहता नाला के पानी को पार करके महज एक किलोमीटर की दूरी तय कर डीमरा पहुंचते है। बरसात में उन्हे 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने डीमरा नाला के पास पहुंचकर सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया।

**पुल निर्माण में आइएएस अधिकारी का अहम योगदान**

जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने बताया कि पूर्व में इस नाला पर पुल निर्माण के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्णवाल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्ही के प्रयास से पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो पायी है। पुल के बन जाने से नवागढ़ व कुच्चू पंचायत आपस में जुड़ जाएगा। ज्ञात हो कि डॉ सुनील कुमार वर्णवाल ने नवागढ़ पंचायत को गोद ले रखा है। नवागढ़ पंचायत में अधिकांश विकास योजना इन्ही के प्रयासों से चलायी जा रही है। मौके पर नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, सोमरा बेदिया, जयशंकर पाहन, पहलू बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता की इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बीते 20 दिसम्बर को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड निवासी ऋषि प्रजापति की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऋषि प्रजापति भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनकी मौत के बाद यह सवाल उठने लगा है, कि आखिर उनकी मौत का जिम्मेवार कौन है। बेहद ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले ऋषि प्रजापति को घटना के बाद चिकित्सकों द्वारा राजधानी रांची के रिम्स रेफर किया गया था। ताकि वहां उनका समुचित इलाज हो सके। लेकिन गंभीर रूप से घायल ऋषि को जहां आईसीयू की बेहद जरूरत थी वो उन्हें आखिरी सांस तक नसीब नहीं हुई। पहले ही दिन ऋषि के परिजन रिम्स की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी के ही निजी अस्पताल प्लस हॉस्पिटल में ले गए। लेकिन घंटे दर घंटे इलाज के बढ़ते बिल और पैसों के अभाव के कारण लगभग दस दिनों के बाद दुबारा उन्हें वापस रिम्स में ही शिफ्ट करना पड़ा। बावजूद उन्हें रिम्स में वेंटीलेटर पर रखा गया। परिजन आईसीयू वार्ड में एडमिट करने की मांग करते रह गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अपने पिता के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में बीते 15 दिनों से मौजूद उनकी बेटी ने चतरा सांसद सुनील सिंह, भाजपा के कई नेता सहित वर्तमान कांग्रेस विधायक तक से पिता के बेहतर इलाज की गुहार लगाई। लेकिन आखिरी सांस तक उन्हें आईसीयू तक में नहीं लिया गया। आखिरकार 15 दिनों तक इलाज के बाद ऋषि प्रजापति जिंदगी की जंग हार गए। लेकिन जिस पार्टी को सींचने के लिए उन्होने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने भी इलाज के दौरान सिर्फ आश्वासन के सिवाय और कुछ नहीं दे सकें। आखिरकार ऋषि की मौत के उपरांत रिम्स में सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को उनके घर बरवाडीह लाया गया। इस दौरान उनके अंतिम संस्कार में पार्टी के चंद गिने चुने कार्यकर्ता नजर आए।



परिजनों को आश्वस्त करते बीडीओ राकेश सहाय

**बीडीओ ने परिजनों को सरकारी मदद दिलाने का दिया आश्वस्त**

उधर ऋषि प्रजापति के मौत की सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने उनके आवास पर पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर तरह से सरकारी मदद कराने को लेकर आश्वस्त किया। जिसके बाद परिजनों द्वारा उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। ऋषि प्रजापति अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ गए। ऋषि की पत्नी वर्तमान में बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य हैं। वहीं उनकी दो बेटियां है, जिसमें एक का विवाह बीते दो वर्ष पूर्व ही किया गया है। वहीं दो बेटे है जो फिलहाल पढ़ाई कर रहें है।

## स्पीड न्यूज

### बालूमाथ में 15 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 15 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने बताया कि महिलाओं का बंध्याकरण मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर सीमा रानी के द्वारा किया गया। वहीं बंध्याकरण में ओटी असिस्टेंट मोहम्मद मजहर, जीएनएम जय रानी कुमारी, एनएम विमला कुमारी, एमपीडब्लू अनिल कुमार, सहिया व कई स्वास्थ्य कर्मी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सासंग-सेरक ग्रामीण पथ पर गुरुवार की देर रात्रि सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले उदय गंझू पिता पच्चू (गंझु बारी सतकंडरी) की मौत शुक्रवार को लातेहार सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गयी। सदर अस्पतला में अन्त:परिक्षण के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव में शुक्रवार की दोपहर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि सासंग-सेरक मार्ग पर गुरुवार की देर रात्रि बाइक दुर्घटना में उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगो के माध्यम से सुचना मिलने के बाद चंदवा पुलिस के द्वारा चंदाव सीएचसी की मेडिकल टीम की मदद से उसे प्राथमिक उपचार के लिय चंदवा सीएचसी लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर किया गया था, लेकिन उसकी जान नही बच पायी।

### वीएसएफ/सीटीए हरमू रांची ने चंदवा में चलाया विशेष भर्ती अभियान

**चंदवा।** वीएसएफ/सीटीए हरमू रांची द्वारा चंदवा में विशेष भर्ती अभियान चलाया। थाना परिसर में आयोजित विशेष भर्ती अभियान के दौरान बेरोजगार युवक-युवतियों ने संबंधित फार्म निर्धारित शुल्क दो सौ रुपये देकर भरा। आवेदकों से फार्म ले रहे रवि निशभ प्रभाकर और श्रीमंत मांझी ने बताया कि सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, चालक, हाउसकीपिंग और गनमैन की भर्ती की जानी है। चयनित सुरक्षा जवान को एक माह तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के पद के लिए शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास से संबंधित दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पश्चात आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रतिष्ठानों में उनकी नियुक्ति की जा सकेगी। यह भी बताया कि वीएसएफ द्वारा नियुक्त संबंधित कर्मियों को सरकारी कर्मियों की तरह संबधित लाभ भी प्रदान किया जा सकेगा।

### कोयला चोरी करने का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने कोयला चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को लातेहार जेल भेज दिया है। इस सबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बालूमाथ के गणेशपुर ग्राम में दिनांक 19/11/2022 को एक अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया गया था। जिसके बाद बालूमाथ थाना में कांड संख्या 219/22 धारा 379,411,414 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में बालूमाथ थाना एसआई नीतीश कुमार और शस्त्र बलों ने छापेमारी कर फरार चल रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया। वही ट्रक मालिक की तलाश की जा रही है।

**95 आंगनवाड़ी केंद्र में राशन एवं गैस नहीं मिलने के अभाव में बंद होने के कगार पर**

# आंगनवाड़ी केंद्रों में बर्तन उपलब्ध नहीं करवाना यह बहुत बड़ी समस्या है: विश्वनाथ पासवान

- निजी खर्च से राशन खरीद कर बच्चों को खिचड़ी खिला रहे हैं सेविकाएं
- समस्याओं से परेशान होकर सेविकाओं ने 20 सूत्री अध्यक्ष व जिप सदस्य को मांग पत्र सौंपा



मांग पत्र सौंपते सेविकाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बीस सूत्री व जिप सदस्य प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को आंगनवाड़ी सेविका संघ मनिका के अध्यक्ष सविता उरांव की अध्यक्षता में, 95 आंगनवाड़ी केंद्र के सेविकाओं ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए राशन एवं गैस नहीं उपलब्ध करवाने पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान एवं जिप सदस्य बलवंत सिंह को मांग पत्र सौंपा है। आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं से अवगत करवाते हुए सेविकाओं ने बताया कि हम लोगों को सरकार द्वारा लगभग 10 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

**आंगनबाड़ी सेविकाएं अपने निजी खर्च से बच्चों को खिला रहे हैं खिचड़ी**

सबसे बड़ी समस्या है कि बच्चों को खिचड़ी खिलाने के लिए समय पर राशन उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है और ना ही खाना बनाने के लिए गैस मिल पा रहा है। जिस वजह से कई महीनों से अपने निजी खर्च से राशन खरीद कर बच्चों को खिचड़ी खिला रहे हैं। अगर आंगनवाड़ी केंद्रों को राशन एवं गैस उपलब्ध नहीं करवाई गई तो बहुत जल्द सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद हो सकती है। उक्त बातें आंगनबाड़ी सेविकाओं ने कही आगे यह भी बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केंद्रों में अभी तक खाना बनाने के लिए बर्तन भी नहीं दी गई है। जिसके कारण उन्हें बच्चों को खिचड़ी खिलाने के लिए काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सेविकाओं ने बताया कि इस विषय में एजीएम घुरा राम से भी बात की गई थी लेकिन उनके उदासीन रवैया से परेशान होकर प्रखंड बीस सूत्री व जिला परिषद सदस्य को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं से अवगत कराने का काम किया गया है। वहीं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने संज्ञान लेते हुए त्वरित इस विषय में एजीएम घुरा राम से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए आवंटन नहीं है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने इस विषय में जब डीएसओ बंधन लॉन्ग से बात की गई तो उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। मौके पर बीस सूत्री उपाध्याय नंदकिशोर यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह, महामंत्री गुड्डू सिंह, भाजपा सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, आंगनवाड़ी सेविका संघ सचिव कौशल्या देवी, कोषाध्यक्ष निकिता उरांव, संध्या देवी, सुभाजी देवी, तृप्ति कुमारी, पुष्पा देवी, चंद्रकांता देवी व अन्य मौजूद थें।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के कार्यकारिणी समिति का हुआ विस्तार, मुख्य संरक्षक बने विधायक वैद्यनाथ राम



**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति लातेहार की एक बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में कार्यकारिणी समिति का विस्तार किया गया और 30 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। समिति का मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मंडली में अभिनंदन प्रसाद, विनोद प्रसाद साहु, त्रिभुवन पांडेय, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, बद्री प्रसाद साहु, अमरेश प्रसाद गुप्ता, दशरथ प्रसाद, अनिल कुमार साहु, डा विशाल शर्मा, सुभाष प्रसाद, शशिभूषण जायसवाल, भोला प्रसाद को शामिल किया गया है. अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष कुमार टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य प्रमुख ओम प्रकाश प्रसाद, सह प्रमुख राजीव कुमार व उज्ज्वल साहु को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में राजीव कुमार कुक्कू, प्रदीप प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा, सतीष कुमार, आकाश कुमार जायसवाल, संतोष कुमार दुबे, संजय प्रसाद व पंकज कुमार को शामिल किया गया है। बैठक में मंदिर के 30 स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। जिसमें एक फरवरी को कलश यात्रा, दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को पूणार्हुति व भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। बैठक में प्रभात रंजन तिवारी, रंजीत पांडेय, चंदन कुमार व महेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### एकल विद्यालय के बच्चे खेल गांव रांची हुये रवाना



**लातेहार।** एकल विद्यालय के बच्चों को खेलने के लिए रांची खेलगांव शुक्रवार को रवाना किया गया। बच्चों को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्हें कहा कि जब भी कोई खेल खेलें खेल भावना से ही खेलें तभी आगे बढ़ पाएंगे। बच्चों को रवाना करते हुए कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है एकल विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को दुनिया देखेगी। मौके पर अभिनंदन प्रसाद, रमेश गुप्ता, संजय तिवारी, महेन्द्र प्रसाद, सांतोष पासवान इन्देश तिवारी समेत बच्चे मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन बालूमाथ ब्लॉक बड़ा बाबू राजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बिधवा पेंशन,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड सहित कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से वृद्धा पेंशन का आये हुए आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने कहा कि लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया था। प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मिंज, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को समर्पित होगा: डीसी

**उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा कर दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश**



पदाधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनूपालन की समीक्षा कर सभी विकास मूलक योजनाओं को अपेक्षित गति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम द्वारा जिले के सभी प्रखंड में चल रहे क्रायकर्म की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। समीक्षा क्रम में उपायुक्त द्वारा पलाश मार्ट, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना, बागवानी सखी योजना, राइस मिल समेत अन्य कई योजनाओं की समीक्षा करते जेएसएलपीएस के डीपीएम को निर्देश किया गया कि जिले में संचालित सभी पलाश मार्ट को एक्टिव अवस्था में रखा जाए। तथा लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पलाश मार्ट के आउटपुट को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के माध्यम से क्रियान्वित सभी विकासमूलक योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण परियोजना , वनधन विकास केंद्र, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, जोहार योजना, पलाश मार्ट, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना, समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को समर्पित करने एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के प्रति लोगों को जागृत करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, जेएसएलपीएस डीपीएम सचिन साहू समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## हाथियों के उत्पात से त्रस्त ग्रामीणो के बीच वन विभाग ने बांटा राहत सामग्री



राहत सामग्री का वितरण करते विभाग के अधिकारी व अन्य

**चंदवा।** प्रखंड के चकला पंचायत के हरैया पड़वा अंबाटांड़ अरंडीया टांड़ में हाथी के आतंक से त्रस्त ग्रामीणो से वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान वे पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। वन विभाग के द्वारा प्रत्येक पीड़ित परिवार को 20 केजी चावल, 5 किलो चूड़ा, दाल 5 किलो, आलू 5 किलो, सरसों तेल 2 किलो, गुड़ 2 किलो, नमक, मसाला एवं एक-एक कंबल परिवार को दिया। इस दौरान गांव में 10 परिवारों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। दस दौरान रेंजन ने बताया कि हाथी भगाने वाली टीम बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंगलोईया ग्राम तक खदेड़ने की बात कही है7 आज रात को ही पता चलेगा हाथी गांव से गया है अथवा नहीं, क्योंकि हाथियों का आक्रमण रात के समय ही होता है। राहत सामग्री बांटने वाले टीमें क्षेत्र पदाधिकारी के अलावे विरेंद्र कुमार, आलोक तिग्गा, सतीश पांडे, अनुराग पांडे, सुमित कुमार गुप्ता समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

# बाईक चोर गिरोह के पांच सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे



गिरफ़्तार बाईक चोर गिरोह के सदस्य व बरामद बाईक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन करने में सफलता हांसिल की है। जहां सदर थाना क्षेत्र से बाईक चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में लातेहार पुलिस सफल रही है व चोरो के निशानदेही पर चोरी का दो बाईक भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि शहर में लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इन घटनाओं के उद्भेदन को लेकर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने छापेमारी के दौरान सूरज कुमार उर्फ नटुआ पिता कामेश्वर यादव (बानपुर, लातेहार) को पकड़ा। कडाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया व उसने अपने साथियों के नाम बताये। जिसके बाद चार और बाईक चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया।

**पूर्व में भी जेल जा चुके हैं नटुआ और अभिनव अंकुर**

इंस्पेक्टर चंद्र शेखर चौधरी ने बताया कि इनकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं कुरा गांव के बीच झाड़ी से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सूरज कुमार उर्फ नटुआ व अभिनव अंकुर सविता मनी का पूर्व से भी अपराधिक इतिहास रहा है। नटुआ के खिलाफ लातेहार सदर थाने में चार और अभिनव अंकुर के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

**अभियान में ये थे शामिल**

छापामारी दल में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो, गौरव कुमार सिंह, मोहम्मद शाहरुख, रोहित कुमार महतो, सअनि नागेश्वर महतो समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बालूमाथ मुखिया ने चलाया सफाई अभियान



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ और बाजार टांड में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वहां जमीन पर पड़े कचरे को ट्रैक्टर से फैकवा दिया गया। इसकी सूचना मुखिया नरेश लोहरा को मिलते ही उन्होंने प्राथमिकता से लेते हुए ट्रेक्टर के द्वारा दोनों जगह पर सफाई कराया। सफाई अभियान में सहयोग करने वालो में बबलू गुप्ता, संतोष सिन्हा, पंकज सिन्हा अन्य मौजूद थें।

## साइडिंग से अवैध रूप से कोयला ले जा रहे हैं 9 लोगों को किया गिरफ्तार

**बारियातू।** थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर बाईक से अवैध कोयला ले जा रहे नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिली थी की मोटर साईकिल वाले ने साइडिंग से मोटर साईकिल से कच्चा कोयला लौडिंग कर मोटरसाईकिल से कोयला परिवहन कर कोयला बिक्री करने के लिए ले जाते है। जिसके बाद पुलिस का एक टीम बनाकर इस तस्कर में जुड़े नौ लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस मे बताया की छपामारी दल टोटी हेसला मार्ग के सरहचवा मे नौ मोटरसाईकिल कोयला लेकर जाते जाते देखें गए। सभी को कोयले की कागजात सम्बंधित पूछ ताछ की गई तो किसी ने कागजात प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस ने सख़्ती से पूछ ताछ की तो कोयला ले जा रहे लोगों द्वारा बताया गया की अमवाडीह फूलबसिया साइडिंग से कोयला चोरी कर बिक्री करते हैं। जिसमे बिशुन उरांव पिता बुधु उरांव चेडरा, मुखलाल साव सुदर्शन साव पिता छकोड़ी साव फूलसु, रवि केशरी सुरेश प्रसाद फूलसु, अशोक साव पिता शंकर साव फूलसु, मोनू केशरी महावीर साव फूलसु, प्रकश साव पिता संकर साव,ग्राम फूलसु, पंकज लोहरा पिता कामेश्वर लोहरा अशोक लोहरा पिता कौलेश्वर लोहरा ग्राम रहेया सभी नौ अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



दिशा की बैठक में शामिल सांसद व अन्य अधिकारी

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में दिशा के चेयरमैन सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सांसद ने पूर्व की बैठक में बिजली, पानी, सड़क, पीएमजी आवास आदि मुद्दे को लेकर दिए गए प्रस्तावों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद ने मिशन अमृत सरोवर के तहत अब तक हो चुके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने संबंधित अधिकारियों से लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने हेतु उनकी कार्य योजना की जानकारी ली। बैठक में सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को प्रखंड स्तर पर जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत आपूर्ति, पुल निर्माण, नियमित जलापूर्ति, सर्व शिक्षा अभियान, राशन वितरण, स्वच्छ भारत मिशन, अवैध खनन पर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक, मनिका रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त भोर सिंह यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जनप्रतिनिधी, समेत अन्य सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### राजीव पांडेय बने त्रिपुरा विस चुनाव के ऑब्जर्वर



**झरिया ।** देश के विभिन्न राज्यों हो रहे चुनाव में कांग्रेस आलाकमान युवा नेताओं पर दांव लगाना शुरू किया । झरिया के युवा नेता राजीव पांडेय को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा प्रभारी डॉ अजॉय कुमार व सह प्रभारी जरिता लैतफलांग ने एनएसयूआई के कोईलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय को होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर उन्हें संतीरबाजार (36वा) विधानसभा का ऑब्जर्वर नियुक्त किया। ऑब्जर्वर बनाए जाने पर धनबाद जिला ओबीसी अध्यक्ष प्रीतम रवानी, वैभव सिन्हा, अशोक वर्णवाल, रत्नेश यादव राकेश मिश्रा, डॉ संतोष रॉय, रुदल पासवान आदि ने बधाई दी।

### ट्रक के धक्का से चार लोग घायल, बवाल

**जोड़ापोखर।** जोडापोखर थाना क्षेत्र के भागा रेलवे स्टेशन के समीप अनियंत्रित ट्रक संख्या जेएच 10 एजे 6534 रेलवे फाटक से टकरा गया. ट्रक की चपेट में आकर कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं. एक बाइक ट्रक में फंस गई. हादसे में चार लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने घायलों को समीप के निजी अस्पताल पहुंचाया. ट्रक चालक भाग निकला. स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक बाइक को धक्का मारते हुए ट्रैक में फंस गया, जिससे भागा-पुटकी पथ पूरी तरह जाम हो गया है. जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजदेव सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक में फंसे ट्रक को निकालने में लगे हुए है। आरपीएफ के जवान भी जाम हटाने में जुटे है।

### चिराबाद में जरुरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण

**गोमो।** शुक्रवार को गोमो,चिराबाद में यूथ फोर्स ने जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यूथ फोर्स के द्वारा जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है । यूथ फोर्स का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध हो। इस अवसर पर यूथ फोर्स गोमो मंडल अध्यक्ष कमलेश मंडल,प्रकाश नारायण मंडल, उमेश मंडल, सुभाष चन्द्र मंडल, अशोक कुमार दास, प्रिंस कुमार उपस्थित रहे।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के परसिया में दो मोटरसाइकिल न0 जेएच 10 एएस 0231 व जेएच 10 बीभी 9318 में टर्निंग काटने में जोड़दार टक्कर हुई।जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल घायलों हुए।वही धटना की सूचना पुटकी पुलिस की मिलने के बाद पुलिस ने दोनों धायलो को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमसीएच भेजा जहां इलाज के दौरान एक की हुई मौत। मृतक का नाम विशुनदेव प्रसाद वर्मा उम्र लगभग 75 वर्ष जो कि मूनीडीह डीएवी स्कूल रॉड काली मंदिर के समीप रहने वाले है। वही दूसरे घायल व्यक्ति भूली का रहने वाला बताया जा रहा है। इसका इलाज धनबाद के एसएनएमसीएच में चल रहा है पुलिस ने दोनों बाइक को जप्त कर थाने ले आई।

### इडी ने सड़क सुरक्षा रथ को किया रवाना

**बोकारो।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के तत्वावधान में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा संयंत्र के विभिन्न विभागों के सीजीएमए अन्य वरीय अधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर श्री तिवारी ने सभी को सुरक्षा शपथ भी दिलाई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु आकर्षक बैनरों एवं होर्डिंग से सुसज्जीत सडक सुरक्षा रथ संयंत्र के विभिन्न विभागों से होकर प्रतिदिन गुजरेगा।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में परसबनिया से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त से स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि सेल कंपनी ने उसे और उसके तीन भाई को जमीन के बदले नौकरी दी थी। लेकिन अब कंपनी ने नौकरी से निकाल दिया है। साथ ही 16 महीनों से वेतन भी कंपनी ने नहीं दिया है। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम सुधारने, दिव्यांग कोटा में नौकरी दिलाने, पंजी टू में नाम दर्ज कराने, बरवाअड्डा से औरंगाबाद के लिए निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा नहीं मिलने, जमीन पर दबंग द्वारा जबरन कब्जा करने, बरमसिया में सरकारी नाला का अतिक्रमण करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## धनबाद के व्यवसायी शंभु अग्रवाल के 14 ठिकानों पर आइटी का छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बड़े व्यापारी शंभुनाथ अग्रवाल के 14 ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर विभाग की टीम ने दबिश दिया है । आयकर विभाग द्वारा शंभु अग्रवाल के 14 ठिकानों पर सर्वे शुरू कर दी गई है। धनबाद, पटना एवं कोलकाता की टीम सर्वे कर रही है। व्यवसायी शंभू अग्रवाल का कोयला, लोहा एवं सीमेंट का बड़ा कारोबार है। सर्वे में 60 अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं। बहुत दिनों बाद धनबाद में इतने बड़े पैमाने पर सर्वे हो रहा है. इसके अलावा मधुबन होटल, दो राइस मिल में भी टीम पहुंची है। यह कार्रवाई 12.30 बजे शुरू हुई है। बताते चले कि शिवशंभु ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड, शिवशंभु कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड, होटल मधुबन गोविंदपुर धनबाद, जय माता अंबे सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड, शंभु प्लाजा गोविंदपुर, श्री कल्याणी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, शिवशंभु स्टोन क्रशर, कोलकाता में ऑफिस और कई अन्य ठिकानों पर भी आयकर विभाग का सर्वे चल रही है। पटना और कोलकाता की टीम धनबाद के अधिकारियों की मदद कर रही है।

## निष्क्रिय सदस्यों की जगह अन्य को करें मनोनीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** भाजपा मुख्य कार्यालय सिन्दरी में शुक्रवार को भाजपा सिन्दरी नगर के सभी मोर्चा अध्यक्षों के साथ सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने मोर्चा को मजबूत करने पर आवश्यक बैठक आयोजित की। इसमें निष्क्रिय सदस्यों की जगह दूसरे सदस्य को मनोनित करने का निर्देश नगर अध्यक्ष ने दिया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि मोर्चा के सभी अध्यक्ष अपनी कार्यसमिति की बैठक उनकी उपस्थिति में यथाशीघ्र करें। बूथ की मजबूती से संगठन मजबूत होगा। बैठक में भाजपा के सिन्दरी नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुशांत महतो, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष नकुल सिंह, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष रविकांत शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप हाँड़ी आदि मौजूद थे।



### बीएसएल के सद्भावना उद्यान में पौधरोपण

**बोकारो।** सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस विभाग के कर्मियों द्वारा आंतरिक संसाधनों से विकसित सद्भावना उद्यान का उद्घाटन ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा सीजीएम अनिल कुमारए पी के बैसाखिया, आर धवन, एम पी सिंहए अरविन्द कुमार, राकेश कुमार, ए झा सहित विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## धनबाद : हाइवा ओनर्स एसो. ने मांगों को लेकर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को जिले के रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद जिला हाईवा ओनर एसोसिएशन के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बताते चलें कि यह धरना प्रदर्शन नरेश कुमार एंड कंपनी तथा टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिविजन के खिलाफ था। वही पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के लक्ष्मण साहब एवं मोहम्मद फिरोज ने बताया कि नरेश कुमार एंड कंपनी तथा टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा हम लोगों का शोषण किया जा रहा है समय पर पेमेंट नहीं किया जा रहा है हम लोग का 5 सूत्री मांग नरेश कुमार एंड कंपनी में रखी गई थी हम लोगों ने दिनांक 9 .11 .2022 को धरना के समय दिया था एवं दिनांक 22. 11. 2022 को वार्ता के लिए समय देकर वार्ता नहीं किय गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि अगर हमारी 5 सूत्री मांगों को नहीं माना गया तो हम लोग बाध्य होकर गाड़ियों का परिचालन पूर्ण रुप से बंद कर देंगे। जो अनिश्चितकाल तक बंद रहेगी। परिचालन बंद होने के उपरांत किसी प्रकार का नुकसान एवं जवाबदेही के लिए टाटा स्टील कंपनी एवं नरेश कुमार एंड कंपनी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

## भाजपा धनबाद महानगर की बैठक में विचार-विमर्श



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह जी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के पदाधिकारियों की एक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम संगठन को मजबूती और विस्तार के लिए नियमित प्रयास करते रहे और इस कार्य में हम लोग काफी हद तक सफल भी रहे। प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा दिए गए कार्य को हम सभी ने सफलतापूर्वक किया भी। बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर में काफी हद तक बनाने का कार्य हुआ। कुछ जगहों पर जहां नहीं हुआ वहां जिला के पदाधिकारी प्रवास करके उस कार्य को पूरा करें। संगठन के कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन का कार्य सर्वोपरि होता है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला पदाधिकारी मंडल में प्रवास करें। धनबाद जिला महानगर का संगठन बहुत मजबूत है। 2024 का चुनाव नजदीक है निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी धनबाद लोकसभा सीट भी जीतेगी और जिला महानगर में पडने वाले सभी 3 विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। बैठक में जिला महामंत्री श्रवण राय ,जिला उपाध्यक्ष संजय झा,मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, उमेश यादव, महेंद्र शर्मा, जिला मंत्री महेश पासवान, कंचन चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल, सह कोषाध्यक्ष रजनीश तिवारीआदि मौजूद थे।

## गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाशोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** सिखों के दसवें गुरु व खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के 356 वें प्रकाशोत्सव पर सिन्दरी गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर वृहत रुप से सजे गुरु ग्रंथ साहिब का ग्रंथी सरदार बलवीर सिंह द्वारा चल रहा सहज पाठ का भी समापन व धनबाद से आए हजूरी रागी सरदार देवेंद्र सिंह व स्थानीय जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन संपन्न हुआ। सिन्दरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ स्मृति नागी ने गुरु पर्व की बधाई देते हुए बताया कि प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा भव्य रुप से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चल रहे सहज पाठ का समापन सुबह आठ बजे संपन्न हुआ। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए सिख समुदाय के सिन्दरी में रह रहे लगभग तीस परिवार सहित चासनाला व डिगवाडीह से भी जत्था शामिल हुए हैं। अन्य वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के भव्य इतिहास की जानकारी दी। प्रकाश पर्व में मोहन सिंह, जगदीश्वर सिंह, ओंकार सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, बलवीर सिंह नागी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, जगदेव सिंह, कुलबीर सिंह, हरदीप सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, इंदरजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, बलवीर सिंह, दविंदर कौर, जसपाल कौर, शरणजीत कौर, सुरेंद्र कौर, हरदेव कौर, रीता कौर, हरभजन कौर, हिना उप्पल मौजूद थे।

## आग से बचाव के लिए बच्चों ने किया मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** आग से बचाव को लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में हर्ल सिन्दरी के फायर स्टेशन के द्वारा बच्चों से मॉकड्रिल कराया गया और सुरक्षा संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई। शुक्रवार को इस मॉकड्रिल की जानकारी से धूम्रपान पर प्रतिबंध व आग से बेअसर विद्युत उपकरणों के इस्तेमाल से परिवार और समाज को जागरूक करने में बच्चों को सहायता मिलेगी। फायर स्टेशन सिंदरी के प्रभारी सुमंत कुमार सिंह व टीम के सदस्य मो फरीद, दिनेश गुप्ता व खेलराम हाँसदा ने डीएवी स्कूल सिन्दरी के सिनियर विंग के बगल के मैदान में बच्चों को आग लगने पर किए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि ज्वलनशील सामग्रियों को आग के श्रोत से दूर रखें। तेल या गैस के रिसाव को तुरंत रोकें। बच्चों को फायर इस्टिंग्यूसर के इस्तेमाल की प्रक्रिया की बखूबी जानकारी दी गई। उन्होंने लैब में इस्तेमाल होनेवाले एक दूसरे से प्रतिक्रिया करनेवाले रसायनों को अलग रखने की भी जानकारी बच्चों को दी। ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण स्थल और प्रयोगस्थल पर हवा के आने जाने की संपूर्ण व्यवस्था पर जोर दिया।

# तिलकुट की सोंधी खुशबू से महका झरिया कोयलांचल

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** मकर संक्रांति का पर्व लगभग करीब आ रहा है बाजारों में गुड़, तिल और तिलकुट की सौंधी खुशबू भी बढ़ती जा रही है. हर तरफ सड़क किनारे तिलकुट, लाई, चूड़ा और तिल की दुकानें सज गई हैं. देश की कोयला राजधानी धनबाद के झरिया शहर मे भी मकर संक्रांति पर्व मे विशेष रूप में तिलकुट की एक अलग पहचान है। हम सभी तिलकुट का स्वाद चखने के लिए बेताब रहते हैं। इस बार झरिया के बाजारों में गुड़ 40 से 50 रुपए प्रति किलो चूड़ा 30 से 60 रुपए प्रति किलो वही तिलकुट 200 से 250 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। देखा जाए तो प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर गुड़, चूड़ा तिल और तिलकुट से जुड़े व्यसाय वर्ग को अच्छी आमदनी हो जाती है लेकिन पिछले दो साल से कोरोना महामारी ने इनका व्यसाय ठप कर दिया। इस बार भी इन्हें ग्राहकों से काफी उम्मीदें थी लेकिन भगवान ने भी इनका साथ देना मुनासिब नहीं समझा पिछले दो दिनों से खराब मौसम के साथ लगातार हो रही बारिश से अब व्यसाइयो को भय सता रहा कि आखिर जो जमा पूंजी गुड़, तिल और तिलकुट के धंदे मे लगाई है उसे किस प्रकार निकाली जाए।

### क्या कहते है दुकानदार

तिलकुट व्यवसायी आशीष सेठ ने बताया कि सीजन का धंधा है यही सोच कर पूंजी लगाया हु। फुटपाथों पर दुकान लगाए राजेश कुमार ने बताया कि कोरोना के बाद इस तरह की बारिश से व्यपार पूरा ठप हो गया है पूंजी निकलने पर भी आफत हो रही है। वही दुकानदार विजय साव का कहना है कि पहले बाजार अच्छा था दो सालों से कोरोना के कारण लोकडाउन था।

## बोकारो की खबरें

# सीएम हेमंत सोरेन ने बेस्ट कैडेटों को किया सम्मानित

**बोकारो।** झारखंड पुलिस के विभिन्न ट्रेनिंग संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य की सेवा के लिए योगदान देने जा रहे 1892 जवानों में कुल 630 महिला आरक्षी अपने सहकर्मी पुरुष आरक्षियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देने जा रहीं है। पुलिस विभाग में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी महिला सशक्तिकरण की मिसाल है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सशस्त्र पुलिस चतुर्थ वाहिनी के प्रांगण में आयोजित पारण परेड समारोह समारोह में कही। इस मौके पर सीएम ने जवानों को सम्मानित भी किया।

### बोकारो में सम्मानित होने वाले बेस्ट कैडेट



ओवरऑल अर्चना कुमारीई बेस्ट कैडेट -इंडोर, भीमराज विश्वकर्मा (बेस्ट कैडेट आउटडोर), विक्रम कुमार तिवारी और बेस्ट कैडेट (शूटिंग) मंजू कुमारी को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा ट्रेनिंग इनचार्ज पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार महतो भी सम्मानित किये गये। सीएम ने जैप-4 परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही परिसर हेतु आरओ प्लांट का उदघाटन किया। समारोह में गोमिया विधायक लंबोदर महतोए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, डीजीपी नीरज सिन्हा, सीएम के निजी सचिव विनय कुमार चौबे, एडीजीपी प्रशांत सिंह, डीजीपी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, आईजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, बोकारो एसपी चंदन कुमार झा, जैप-4 के समादेष्टा अश्विनी कुमार, अन्य पदाधिकारी व प्रशिक्षु जवान एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

एक नजर में

### मेयर प्रत्याशी विशाल बाल्मीकि ने विजेता और उप विजेता टीम को किया सम्मानित



**तेतुलमारी।** शुक्रवार को तेतुलमारी पीएसटी ग्राउंड में तेतुलमारी प्रीमियर लीग सीजन वन का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा सोरेन सेना केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सह धनबाद नगर निगम भावी मेयर प्रत्याशी विशाल बाल्मीकि मौजूद रहे। उन्होंने बिजेता टीम पीभीआर पैंथर को कप देकर सम्मानित किया।और साथ मे 25000 रुपए का चेक विजेता टीम को दिए। उपबिजेता बड्र्स 11 टीम को 11000 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दीपेश कुमार छोटू सिंह शुभम सिंह सागर पासवान शाहनवाज खान सोनू मुंडा लोग मौजूद रहे।

### महुदा में श्रमदान से बन रही सड़क का निरीक्षण

**महुदा।** शुक्रवार को झारखण्ड बाल संरक्षण आयोग का प्रतिनिधि मण्डल नीचे देवघरा में बन रहे श्रमदान के तहत सड़क का निरिक्षण करने पहुँचे । विदित हो कि आये दिन रेल के पटरी से स्कूल जा रहे बच्चो का समाचार चल रहा था, उसी का संज्ञान लेकर आयोग का एक दल नीचे देवघरा पहुँचा, जिसमे आयोग के सदस्यों ने मार्ग बनाने के लिए दूरभाष पर डीआरएम आद्रा से रेल एसपी आदि से बात किये तथा अश्वासन दिये कि जल्द इसमें सकारात्मक पहल होगा, आयोग के सदस्यों में सुनील कुमार वर्मा एवं अन्य थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में तीन से छह वर्ष के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**बेरमो/जारंगडीह।** शुक्रवार को जारंगडीह उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 21 मे गर्म पोशाक के रूप में स्वेटर का वितरण किया गया ।बाल विकास विभाग के सौजन्य से 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के लगभग 25 बच्चों के बीच 50 स्वेटर का वितरण में उत्तरी पंचायत की मुखिया फिरोज खातून सेविका शक्ति कुमारी अन्य संयुक्त रूप से शामिल थे।आंगनबाड़ी में एक बच्चे को दो दो स्वेटर दिया गया। मौके पर सेविका शक्ति कुमारी ने कहा कि कड़ाके की बढ़ती ठंड शीतलहर से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया है। ताकि आने जाने में बच्चों को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और समय पर बच्चें अपने आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा प्राप्त के लिए उपस्थित हो सके।

### एनएसईजेएस में डीपीएस के आदित्य ने मारी बाजी



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के नौवीं कक्षा के छात्र आदित्य मिश्रा ने आईएपीटी द्वारा आयोजित एनएसईजेएस. 2022 में देशभर के कुल 168 परीक्षार्थियों के बीच झारखंड से अकेले सफलता पाई है। अब आगामी 28 जनवरी को होने वाले आईजेएसओ की परीक्षा में शामिल होगा। उसने बेस्ट ओलंपियाड विनर का पुरस्कार, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता छात्रवृत्ति एवं मैथ्स ओलंपियाड में स्टेट रैंक. 2 व साइबर ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक.2 हासिल किया था।अपने विद्यालय के छात्र की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे शुभकामनाएं दीं और कहा कि डीपीएस बोकारो शुरू से ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उनके समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है।

## पेज तीन का शेष

**सभी संसदीय सीटों को साधने का ...**

भाजपा के एक बड़े नेता ने बताया कि पलामू प्रमंडल में लोकसभा की दो सीटें पलामू और चतरा है। 2019 में यह भाजपा की सीटिंग सीट थी और दोनों पर भाजपा ने ही कब्जा जमाया था, लेकिन इस बार स्थितियां विपरीत है। प्रमंडल में पार्टी के अंदर असंतोष और गुटबाजी शुरू हो गई है। इसी को लेकर प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी 7 से 10 जनवरी तक पलामू में संगठन का न सिर्फ नब्ज टटोलेंगे, बल्कि सभी के एक मंच पर लाने का भी प्रयास करेंगे। श्री बाजपेयी 7 को लातेहार, 8 को पलामू, 9 को गढ़वा और 10 जनवरी को चतरा में वे पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला और मंडल अध्यक्षों के अलावा पार्टी के पुराने नेताओं और कार्यकताओं से मिलकर प्रदेश की राजनीति पर असंतुष्ट पहलुओं पर बातचीत कर हल निकालने का प्रयास करेंगे।

**सूखे का आकलन ...**

इस दौरान राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय टीम के समक्ष सूखा राहत सहायता मद में 9000 करोड़ की मांग रखेगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने तत्काल 3500 रुपए प्रति किसान परिवार सहायता राशि राज्य की ओर से मुहैया कराना शुरू कर दिया है। अनुमान के मुताबिक करीब 30 लाख से अधिक किसान परिवार सूखा से प्रभावित हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सहायता राशि मद में 1200 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है।

**राज्य के 33 हजार वकील ...**

उधर, महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट गये और सरकार की ओर से कई मामलों में पैरवी की। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का न्यायिक कार्य से अलग रहने का निर्णय गलत और अवैध है। इसे देखते हुए उन्होंने मामलों में पैरवी करने का निर्णय लिया। सरकार के अधिवक्ताओं ने अपने मामलों में अदालत में पैरवी की। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार से अधिवक्ता अदालती कार्यों से दूर हैं। पार्किंग स्थल पर काफी व्यस्त रहनेवाले अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अन्य चाय की चुस्की लेते दिखे।

**बैंक में घुस कर मैनेजर को मारा चाकू ...**

फिरोज के खाते से लगातार पैसे कट रहे थे, जिससे वह काफी नाराज था। इसे ले कर अक्सर आकर बैंक में विवाद किया करता था। शुक्रवार को भी फिरोज अपने खाते से कट रहे पैसे को लेकर बैंक पहुंचा था। बैंक में उसका वहां के कर्मचारियों से विवाद हो गया। इसी बीच बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकुर मौके पर पहुंचे उनसे भी फिरोज का काफी विवाद हुआ। जिसके बाद अचानक फिरोज ने अपने पॉकेट में रखे चाकू को बाहर निकाल लिया और अंकुर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। बैंक मैनेजर के ऊपर जानलेवा हमले से बैंक में खलबली मच गयी। कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। वही चाकू लगने से घायल अंकुर जमीन पर गिर पड़े। इधर मौके का फायदा उठाकर आरोपी फिरोज बैंक से फरार हो गया।

**अस्पताल में करवाया गया भती ...**

बैंक के दूसरे कर्मचारियों के द्वारा आनन-फानन में लोअर बाजार और खादगढ़ा टीओपी को मामले की सूचना दी गई, वहीं घायल बैंक मैनेजर अंकुर को एंबुलेंस से तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार अंकुर के शरीर पर चाकू के कई गहरे जख्म के निशान हैं। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

स्पीड न्यूज

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाले तीन नाबालिग गिरफ्तार



**पटना।** किशनगंज जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव करने मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मंगलवार को जिले के निमलागांव के समीप वंदे भारत एक्प्रेस के कोच संख्या-सी-6 पर पत्थर मारने मामलें में तीन नाबालिगों का पकड़ा है ।उन्होंने बताया कि इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों द्वारा पांच जनवरी को पुलिस को दी गई थी। किशनगंज के पोठिया थाना में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई और मामले की छानबीन शुरू हुई। जांच के दौरान तीन लोगों को पकड़ा गया, सभी की उम्र 13 से 15 वर्ष है। ये सभी पोठिया थाने क्षेत्र के इलाके रहने वाले हैं।

## सोनिया की सेहत में हो रहा है सुधार

**नयी दिल्ली।** वायरल श्वसन संक्रमण के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की सेहत में सुधार हो रहा है। अस्पताल ने यह जानकारी दी है। सर गंगाराम अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ह्यह्यवायरल श्वसन संक्रमण के बाद भर्ती कराईं गईं सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार भी हो रहा है।

## कंझावला मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** राजधानी के कंझावला मामले में पुलिस ने छठे आरोपी आशुतोष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशुतोष के तौर पर की है। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा व्यक्ति है। इससे पहले इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो पुलिस हिरासत में हैं।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि उसने पुलिस को गलत जानकारी दी थी। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों ने कथित तौर पर आशुतोष से कार ली थी।

## कोलकाता में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

कोलकाता ।कोलकाता पुलिस ने ब्रिटेन के लोगों से फर्जी कॉल सेंटर के जरिए ठगी करने वाले जालसाजों के एक गिरोह का भंडाफोड करने के बाद शुक्रवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया ।कोलकाता पुलिस शिकायत मिलने पर तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने बुधवार शाम को लेदर कॉम्प्लेक्स थाना अंतर्गत कोच पुकुर में अवैध रूप से चलने वाले कॉल सेंटर पर छापा मारा और 16 संदिग्धों को गिरफ्तार करने के बाद आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

## संजय राउत के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



मुंबई। मानहानि मामले में एक अदालत ने शुक्रवार को शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। सेवरी मेट्रोपोलियन मजिस्ट्रेट की तरफ से ये वारंट जारी किया गया है। कोर्ट ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया और फिर सुनवाई 24 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। मेधा सोमैया ने यह दावा करते हुए कोर्ट का रूख किया था कि संजय राउत ने निराधार आरोप लगाया था कि वे और उनके पति मीरा भायंदर इलाके में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण और रख-रखाव से संबंधित 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल थे।

# 44 न्यायाधीशों के नामों की तीन दिनों के भीतर होगी पुष्टि

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिया आश्वासन, समय सीमा का करेंगे पालन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह समयसीमा का पालन करेगी और न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएगी, जबकि शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र द्वारा बार-बार नामों को वापस भेजना चिंता का विषय है।

केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा भेजी गई कुछ हालिया सिफारिशों पर कार्रवाई की जा रही है। कॉलेजियम द्वारा भेजी गई 44 सिफारिशों (न्यायाधीशों के नाम) पर विचार किया जा रहा है जाएगा। शनिवार या इस सप्ताह के अंत तक स्थिति साफ हो जाएगी। एजी ने जोर देकर कहा कि उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी देने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा 104 सिफारिशें भेजी गई हैं, इनमें से 44 को मंजूरी दी जाएगी।

**केंद्र द्वारा दोहराए गये नामों को वापस भेजना चिंता का विषय : कोर्ट**

पीठ, जिसमें जस्टिस अभय एस. ओका भी शामिल हैं, ने एजी से उन पांच नामों के बारे में पूछा, जिनकी सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले साल दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए सिफारिश की थी। एजी ने जवाब दिया, क्या आप इसे थोड़ी देर के लिए टाल देंगे? मेरे पास कुछ इनपुट हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे यहां इस पर चर्चा करनी चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने तबादलों के मामलों पर सरकार के बैठे रहने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि क्या कोई तीसरा पक्ष इसे प्रभावित कर रहा है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि स्थानांतरण के लिए दस सिफारिशें की गई हैं और ये सितंबर और नवंबर के अंत में की गई हैं। पीठ ने कहा, इसमें सरकार की बहुत सीमित भूमिका है। उन्हें लंबित रखने से बहुत गलत संकेत जाता है। यह कॉलेजियम को अस्वीकार्य है। पीठ ने यह भी बताया कि 22 नाम (न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए) केंद्र द्वारा हाल ही में लौटाए गए थे, और उनमें से कुछ नामों को कॉलेजियम द्वारा दोबारा भेजा गया था। कॉलेजियम ने कुछ नामों को तीन बार भेजा, इसके बावजूद केंद्र ने उन्हें वापस कर दिया। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा 20 नाम वापस भेजे गए हैं और कुछ नाम ऐसे हैं, जिन पर केंद्र को लगता है कि हमें विचार करना चाहिए। पीठ ने कहा, केंद्र द्वारा दोहराए गए नामों को वापस भेजना चिंता का विषय है। सरकार को आशंका हो सकती है, लेकिन नामों को रोक कर नहीं रखा जा सकता है कि हम दोहराएंगे। इसमें कहा गया है कि एक बार जब कॉलेजियम दोहराता है तो नियुक्ति को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने में देरी के कारण उम्मीदवार न्यायाधीश पद के लिए अपनी सहमति वापस ले लेते हैं या सहमति नहीं देते हैं। इससे मेधावी वकील न्यायाधीश पद के लिए अपनी सहमति नहीं देते। शीर्ष अदालत ने मामले को फरवरी के पहले सप्ताह के लिए निर्धारित किया।

अदालत अधिवक्ता पई अमित के माध्यम से द एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए निर्धारित समय सीमा के संबंध में शीर्ष अदालत के निदेशों का पालन नहीं किया है।

## टीम भावना को मजबूत करने का शानदार मंच है मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की । उन्होंने कहा कि भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए टीम भावना को मजबूत करने का यह एक शानदार मंच है। मोदी ने एक ट्वीट में इस बैठक से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की। मुख्य सचिवों के इस राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत पांच जनवरी को हुई थी। मुख्य सचिवों का इस तरह का पहला सम्मेलन जून 2022 को धर्मशाला में हुआ था ।पीएमओ ने कहा कि यह सम्मेलन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी में गति लाने के लिए एक और पहल है। तीन दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय विषय राज्यों की साझेदारी के साथ तेज और सतत आर्थिक विकास हासिल करना है। बता दें सम्मेलन में केंद्र सरकार, मुख्य सचिव और केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य सीनियर अधिकारी और विषयगत विशेषज्ञों को मिलाकर 200 से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं। पीएमओं के अनुसार सम्मेलन विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक कार्रवाई की भूमिका तैयार करेगा, जिसमें रोजगार सृजन तथा समावेशी मानव विकास की वृद्धि पर जोर दिया जाएगा।

# प्रयागराज में माघ मेला शुरू

## हाड़ कंपाती ठंड में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी संगम में डुबकी

**▸▸ श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए इस वर्ष 14 घाट बनाये गये**

एजेंसी



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुक्रवार से महीने भर तक चलने वाला माघ मेला शुरू हो गया। सर्व सिद्धि योग में सुबह चार बजे से लोगों ने संगम में स्नान करना शुरू कर दिया और शाम पांच बजे तक करीब 5.10 लाख लोगों ने गंगा-यमुना के पवित्र संगम में डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, माघ मेले में बनाए गए 14 स्नान घाटों पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का स्नान शुरू हो गया और शाम पांच बजे तक लगभग 5.10 लाख लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए इस वर्ष 14 घाट बनाए गए हैं जिनकी कुल लंबाई 6,000 फुट से अधिक है। भीड़ प्रबंधन के लिए आईसीसीसी में लगे स्क्रीन के पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। सभी नाविकों को जीवनरक्षक जैकेट दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन के लिए गंगा नदी पर पांच पंटून पुल बनाए गए हैं और प्रथम स्नान पर्व पर आधी रात से ही मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि पौष पूर्णिमा के साथ यहां महीने भर चलने वाला कल्पवास शुरू हो गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई और पूरी स्नान अवधि में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। माघ मेले का अगला स्नान पर्व 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर पड़ेगा। इसके बाद 21 जनवरी को मौनी अमावस्या, 26 जनवरी को बसंत पंचमी, पांच फरवरी को माघी पूर्णिमा और 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ माघ मेला संपन्न होगा।



## 2022-23 में देश की जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 1.6 प्रतिशत रह सकता है जबकि 2021-22 में इसमें 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2021-22 में 11.5 प्रतिशत थी। एनएसओ के अनुसार स्थिर मूल्य (2011-12) पर देश की जीडीपी 2022-23 में 157.60 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। वर्ष 2021-22 के लिये 31 मई, 2022 को जारी अस्थायी अनुमान में जीडीपी के 147.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। वास्तविक यानी स्थिर मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 8.7 प्रतिशत थी। जीडीपी देश की सीमा में निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। एनएसओ का यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने के अनुमान से अधिक है। वर्तमान मूल्य पर जीडीपी 2022-23 में 273.08 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जबकि 2021-22 के लिये अस्थायी अनुमान में इसके 236.65 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना जतायी गयी थी। इस प्रकार, वर्तमान मूल्य पर जीडीपी (नॉमिनल जीडीपी) में वृद्धि दर 2022-23 में 15.4 प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 19.5 प्रतिशत थी। अग्रिम अनुमान के अनुसार कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है जो पिछले वित्त वर्ष के तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 13.7 प्रतिशत रहने की संभावना है जो 2021-22 में 11.1 प्रतिशत थी।

## रीवा में प्रशिक्षु विमान क्रैश पटना के पायलट की मौत

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र के उमरी गांव के समीप प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पायलट की मौत हो गई, जबकि प्रशिक्षु पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज किया जा रहा है। विमान में पायलट समेत दो लोग सवार थे ।पुलिस के अनुसार विमान ट्रेनिंग देनेवाली एक निजी कंपनी का है। गुरुवार देर रात विमान चोरहट्टा हवाई अड्डा से उड़ान भरन के बाद काफी देर तक हवाई पट्टी के ऊपर चक्कर लगा रहा था। इसके बाद विमान उतरने का प्रयास किया, तभी उमरी गांव के समीप विमान बिजली के तारों में उलझते हुए मंदिर के गुंबद से टकराक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में सवार पायलट विमल कुमार पटना निवासी और सोनू यादव निवासी जयपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को संजय गांधी स्मृति अस्पताल में लाया गया, जहां पायलट की मौत हो गई। वहीं घायल प्रशिक्षु सोनू यादव की हालत सामान्य बताई जा रही है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि कोहरे के चलते पायलट को सामने कुछ नजर नहीं आ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# रुपये में व्यापार के लिए केंद्रीय बैंक की दक्षिण एशियाई देशों से चल रही है बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पार व्यापार के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय बैंक की दक्षिण एशियाई देशो से बातचीत चल रही है। गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) परीक्ष चरण में है और आरबीआई डिजिटल रुपये की पेशकश को लेकर बहुत सतर्कता और ध्यानपूर्वक आगे बढ़ रहा है। थोक डिजिटल रुपये के लिए आरबीआइ की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की पायलट परियोजना की सफल शुरूआत के बाद पिछले एक दिसंबर को उसने खुदरा सीबीडीसी की पायलट परियोजना शुरू की थी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने किया 2022-23 के लिए वैश्विक व्यापार दृष्टिकोण के साथ, दक्षिण एशियाई क्षेत्र में व्यापक अंतर क्षेत्रीय व्यापार से वृद्धि और

**▸▸ डिजिटल रुपये की पेशकश को लेकर आरबीआइ बहुत ही सतर्कता से आगे बढ़ रहा है : शक्तिकांत दास**



रोजगार के लिए अवसर बढ़ेंगे। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक के स्तर पर सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम है साझा लक्ष्यों और चुनौतियों पर एक दूसरे से सीख लेना है। सीमा पार व्यापार में रुपये को बढ़ावा देना और सीबीडीसी जिसकी दिशा में आरबीआई ने पहले आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, इन क्षेत्रों में भी सहयोग को और बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने कोराना, मुद्रास्फीति, वित्तीय बाजार में सख्ती और रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए जो छह नीतिगत प्राथमिकताएं है उन्हें रेखांकित किया। उन्होंने कोविड, मुद्रास्फीति, वित्तीय बाजार में सख्ती और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए जो छह नीतिगत प्राथमिकताएं हैं उन्हें रेखांकित किया।

### आरबीआइ 8-8 हजार करोड़ के हरित बांड जारी करेगा

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पहला सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) दो चरणों में जारी किया जाएगा। पच्चीस जनवरी और नौ फरवरी को जारी होने वाले ये बॉन्ड 8,000-8,000 करोड़ रुपये के होंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस निर्गम से मिली राशि को सार्वजनिक क्षेत्र की ऐसी परियोजनाओं में लगाया जाएगा, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद करती हैं।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला गुजारा भत्ता की हकदार : कोर्ट

एजेंसी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से तब तक भरण पोषण की हकदार है, जब तक कि वह दूसरी शादी नहीं कर लेती।

हाईकोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें गुजारा भत्ता के भुगतान के लिए एक निर्धारित समय-सीमा तय की गई थी। न्यायामूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की पीठ एक मुस्लिम महिला जाहिदा खातून से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसके पति नरूल हक ने 11 साल शादी के बाद 2000 में उसे तलाक दे दिया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल 15 सितंबर को गाजीपुर परिवार अदालत के प्रधान न्यायाधीश के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि


**इलाहाबाद हाइकोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें भत्ता के लिए निर्धारित समय-सीमा तय थी**

अपीलकर्ता जाहिदा खातून केवल इद्दत की अवधि के लिए गुजारा भत्ता की हकदार थी, जिसे तलाक की तारीख से तीन महीने और 13 दिनों के रूप में पारिभाषित किया गया था। अदालत ने कहा कि हमने यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं कि प्रधान न्यायाधीश, गाजीपुर ने कानून की एक त्रुटि की है कि अपील केवल इद्दत की अवधि के लिए रख रखाव का हकदार है। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने डेनियलय लतीफी और अन्य बनाम भारत संघ (2001) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत समझा, जो यह कहता है कि एक मुस्लिम पति तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए उचित प्रावधान के लिए उत्तरदायी है।

# सन्नी व रणबीर की होगी बॉक्स ऑफिस पर टक्कर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और रणबीर कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती हैं ।सन्नी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर एक प्रेमकथा का सीक्वल गदर 2 लेकर आ रहे हैं। अनिल शर्मा निर्देशित यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। वहीं, रणबीर कपूर की एनिमल भी इसी दिन रिलीज हो रही है ।एनिमल में बॉबी देओल भी लोड रोल में है। इसी तरह सन्नी और बॉबी दोनों भाई के बीच भी क्लैश देखने को मिलेगा ।बताया जा रहा है कि गदर 2 फिल्म इसी साल 11 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। गदर 2 में में सनी के साथ अमीषा पटेल लीड रोल में है। वहीं संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं।





# विश्वकप में विराट की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण : श्रीकांत

**कोलकाता।** 1983 विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है कि अगले साल होने वाले विश्वकप में विराट कोहली की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। एक बेहतरीन बल्लेबाज के साथ साथ कोहली अन्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेंगे। स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट का महाकुंभ पर बोलते हुए श्रीकांत ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में 1983 विश्व कप जीतना और फिर 2011 विश्व कप में एक टीम के चयनकर्ताओं का अध्यक्ष बनना एक ऐसी कहानी है जिसे मैं अपने पोते-पोतियों को बता सकता हूं, यह बेहतरीन अहसास था। 2011 विश्वकप में गौतम गंभीर ने शानदार बल्लेबाजी करने के साथ अन्य बल्लेबाजों को भी प्रोत्साहित किया। मुझे उन पर गर्व है। मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि विराट कोहली हमें 2023 विश्व कप में वहीं वीरता दिखाएंगे। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों को अपना खेल खेलने की आजादी दी जानी चाहिये। ईशान किशन को ही देख लीजिए, वह किस तरह गेंद को हिट करते हैं। उन्होंने हाल ही में दोहरा शतक भी जड़ा है। बस इन खिलाड़ियों को वहां जाने और अपना खेल खेलने के लिए कहें, उन्हें प्रतिबंधित न करें। इशान किशन की तरह, आपको दो या तीन और खिलाड़ियों की जरूरत है जो खुद को भिव्यक्त करने से डरते नहीं हैं। टीम में खिलाड़ियों का संयोजन के बारे में श्रीकांत ने कहा ह्व जिस तरह गौतम गंभीर ने अतीत में एंकर की प्रमुख भूमिका निभाई है, उसी तरह इस बार विराट कोहली उस भूमिका को निभाएंगे। वह ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों की मदद करेंगे, जैसे उन्होंने किशन के दोहरा शतक लगाने पर शतक बनाया था। यह सब स्वतंत्रता के बारे में है, अपने खिलाड़ियों को स्वतंत्रता देना, आप जो चाहते हैं वह करें, अपना खेल खेलें भले ही आप आउट हो जाएं, यही दृष्टिकोण टीम का होना चाहिए। ह्व



**एक बेहतरीन बल्लेबाज के साथ साथ कोहली अन्य खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने में मदद करेंगे**

विश्वकप के लिये भारतीय एकादश के बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुये उन्होने कहा ह्व दो खिलाड़ी मेरी सूची में नहीं होंगे,

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !